शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 66 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 02 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# तिहाड़ भेजे गए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

## दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को कोर्ट ने 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया

**नई दिल्ली**

**आबकारी** मामले में ईडी की हिरासत खत्म होने के बाद एक अप्रैल को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। न्यायिक हिरासत में जाने के बाद मुख्यमंत्री को कोर्ट से सीधे तिहाड़ जेल भेजा गया। मुख्यमंत्री करीब 4.10 बजे तिहाड़ जेल पहुंचे, जहां सभी जरूरी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें जेल नंबर 2 में रखा गया। जेल नंबर दो में मुख्यमंत्री के अलावा करीब 650 अन्य कैदी भी बंद हैं। सुरक्षा के मद्देनजर मुख्यमंत्री को बैरक में अकेले रखा गया है और उनके बैरक के पास स्थित दो अन्य बैरक खाली रखे गए हैं जिससे कोई भी कैदी उनतक नहीं पहुंच सकेगा। मुख्यमंत्री के जेल में



पहुंचने की सूचना के बाद साथ ही तिहाड़ प्रशासन के अधिकारियों ने हाई लेवल बैठक की। इसी बैठक में मुख्यमंत्री की सुरक्षा और सभी उचित इंतजाम की समीक्षा की गई जिसके बाद उन्हें जेल नंबर दो में रखने का फैसला किया गया। जेल अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में 24 घंटे स्पेशल क्यूआरटी टीम की तैनाती की गई है। एक विशेष यूनिट को सीसीटीवी कैमरों से नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई है। जेल सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल को जेल नंबर दो में एक कुर्सी, टेबल के साथ टीवी भी दिया जाएगा। जिस पर वह समाचार चैनल के साथ दूरदर्शन के कार्यक्रम देख सकेंगे। जेल अधिकारी ने बताया कि उन्हें आम कैदियों की तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सुबह छह बजे उनका बैरक खोल दिया जाएगा। बैरक खुलने के बाद 7 बजे चाय, दलिया दिया जाएगा। 10.30 और 11 बजे के बीच उन्हें खाना उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें दाल, सब्जी और 5 रोटी या चावल मिलेगा। 3.30 बजे दोबारा उन्हें चाय और बिस्किट दिया जाएगा। शाम 6 बजे बैरक बंद कर दिया जाएगा जिसके बाद 7 बजे उन्हें खाना दिया जाएगा।

### सीएम केजरीवाल ने लिए दो मंत्रियों के नाम: ईडी

**नई दिल्ली**

आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली सरकार के दो और मंत्री फंस सकते हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उन मंत्रियों का नाम लिया है। ये मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज हैं। ईडी की तरफ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल ने बयान में कहा कि विजय नायर उनके बजाए आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। केजरीवाल ने डिजिटल डिवाइस का पासवर्ड भी नहीं दिया है। ईडी ने कोर्ट से केजरीवाल की 15 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी। इसके बाद कोर्ट ने केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दे दिया।

## पंजाब: पूर्व सांसद डा. धर्मवीर गांधी कांग्रेस में शामिल



**नई दिल्ली**

पंजाब में पटियाला लोकसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के पूर्व सांसद रहे हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर धर्मवीर गांधी सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यहां पर एक कार्यक्रम के दौरान पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, पंजाब एआईसीसी प्रभारी देवेंद्र यादव, विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा और वरिष्ठ केंद्रीय नेता पवन खेड़ा ने डा. गांधी का स्वागत किया। डा. गांधी ने अपनी नवां पंजाब पार्टी का भी कांग्रेस में विलय कर दिया। इस मौके पर डा. गांधी ने कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। डा. गांधी ने आम आदमी पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रशांत भूषण और योगेंद्र यादव का अपमान हुआ और उन्हें पार्टी से निकाला गया, वह बहुत गलत था। इसी के विरोध में उन्होंने आप को अलविदा कहा था। डा. गांधी ने आगे कहा कि यदि लोकतंत्र की रक्षा कोई पार्टी कर सकती है, तो वह कांग्रेस ही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह टिकट के लिए कांग्रेस में शामिल नहीं हो रहे हैं। इसके बावजूद अगर लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी उन्हें योग्य उम्मीदवार मानती है और टिकट देती है तो वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। पटियाला के पूर्व आप सांसद धर्मवीर गांधी प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। वे परनीत कौर को मात दे चुके हैं। डॉ. गांधी ने पटियाला सीट पर आम आदमी पार्टी से 2014 लोकसभा चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज की थी। डा. गांधी ने अपनी नवां पंजाब पार्टी का भी कांग्रेस में विलय कर दिया।

ऐसे में पूरी संभावना है कि कांग्रेस आने वाले लोकसभा चुनावों में डा. गांधी को पटियाला सीट से मैदान में उतार सकती है।

## 'केरल का उधार सीमा' से जुड़े केस पर अब पांच जजों की संविधान पीठ करेगी सुनवाई



**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने सोम**वार को केरल सरकार के शुद्ध उधारी की सीमा से जुड़े मुकदमे को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। मुकदमे में राज्य ने आरोप लगाया गया है कि केंद्र उधार लेने पर सीमा लगाकर राज्य के वित्त को विनियमित करने के उसके विशेष, स्वायत्त अधिकार में हस्तक्षेप कर रहा है।

**कोर्ट ने क्या कहा?**

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथ ने राज्यों के उधार लेने से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 293 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रविधान अब तक शीर्ष अदालत द्वारा किसी भी आधिकारिक व्याख्या के अधीन नहीं है।

**केरल सरकार ने दिया अनुच्छेद 131 का हवाला**

संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर मूल मुकदमे में केरल सरकार ने कहा कि संविधान विभिन्न अनुच्छेदों के तहत राज्यों को अपने वित्त को विनियमित करने के लिए राजकोषीय स्वायत्तता प्रदान करता है और उधार सीमा और इसे बढ़ाने का अधिकार राज्य विधान को होता है।



# क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बिगाड़ने वालों को बक्शा नहीं जाएगा : राजेश उपाध्याय

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मेजा पुलिस सोमवार को अर्द्ध सैनिक बल के साथ क्षेत्र के बाजार एवं ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखने एवं शांति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने को लेकर लोगों को जागरूक किया और कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। उल्लेखनीय है उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सोमवार को थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने पुलिस कर्मियों एवं अर्द्ध सैनिक बल के जवानों के साथ क्षेत्र के रामनगर बाजार, मेजारोड बाजार व ग्रामीण इलाकों के परानीपुर, सोनार का तारा आदि गांवों में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए लोकसभा चुनाव में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखे जाने की बात कहते

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मेजा पुलिस अलर्ट पैदल भ्रमण कर लोगों किया जागरूक



हुए आम जनमानस को जागरूक किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की अराजकता एवं गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी उन्हें किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा चाहे वह कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। गश्त के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से अपील किया है कि कोई भी व्यक्ति अराजकता व किसी प्रकार की गलत अफवाह फैलाता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ऐसे लोगों के विरुद्ध शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी। पैदल गश्त के इस मौके पर मेजा थाने के सभी पुरुष एवं महिला उपनिरीक्षक व पुलिस कर्मी तथा अर्द्धसैनिक बल के जवान प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु किया गया पैदल गश्त



**थरवई।** शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सोमवार को थरवई पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम व टीम द्वारा निरंतर पैदल गस्त किया जा रहा। पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध व संदिग्धों पर भी विशेष ध्यान रहा जिसमें प्रमुख चौराहों सार्वजानिक स्थानों भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर विशेष ध्यान रहा। उसी क्रम में पड़िला मंदिर के आस पास व प्रमुख चौराहों पर पैदल गस्त किया गया। जिससे शांति व्यवस्था कायम रहे। मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम, वरिष्ठ उप निरीक्षक रावेन्द्र व टीम में अमित कुमार चौबे, हरि ओम महिला एस आई आदि पुलिस टीमें मौजूद रहे।

## अधिसूचना के बावजूद समीक्षा बैठक के बहाने लोकसभा चुनाव पर फोकस

**करछना।** प्रयागराज लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी के बावजूद कर्मचारियों को समीक्षा बैठक के बहाने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सरकारी मशीनरी सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों का प्रयोग कर रही हैं, जनपद के विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को आला अधिकारियों द्वारा विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ज़िले पर बुला कर दबाव बनाने का कार्य किया जा रहा है, सभी को पता है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चकी है फिर भी आला अधिकारी कार्य की समीक्षा बैठक के बहाने कर्मियों की बैठकों का दौर जारी है विकास खंड करछना के कुछ कर्मियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिसूचना जारी होने के बाद गांवों में कराएं जाने वाले कार्यों के नाम पर समीक्षा बैठक के माध्यम लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर फोकस करने का कर्मियों पर दबाव बनाने का कार्य किया जा रहा , जों निर्वाचन आयोग नियमों के खिलाफ है, वहीं सरकारी मशीनरी भी सत्तारूढ़ पार्टी के दबाव में काम करने को लेकर कार्य में जुट गई है।

# एक साल से गिट्टी डाल के पड़ी है लालापुर बारा नहर की सड़क !

### जनता को सैकड़ो गाँव और हाइये से जोड़ती है सड़क



**लालापुर।** क्षेत्र के पडुआ यमुना पंप कैनाल के पटरी पर पहले से बनी पक्की सड़क को तोड़ कर सड़क का नवीकरण किए जाने हेतु कार्य शुरू तो हुआ लेकिन सिर्फ कोरम पूरा किया गया उसके बाद उस पर बड़ी बड़ी सोलिंग डाल कर छोड़ दिया गया। एक साल से अधिक समय हो गया न तो पीडब्ल्यूडी विभाग ध्यान दे रहा है न ही ठेकेदार। ओठगी तरहार नहर की पुलिया से सेहुंड़ा, नींबी, लोहगरा सहित मऊ चित्रकूट को जोड़ती है ये प्रमुख मार्ग है क्षेत्रीय लोगों को दुबहा, बबंधर,बेनौरी, जाने के लिए कोई अन्य मार्ग नहीं है मात्र एक यही सड़क है जो सालों से गिट्टी डाल के छोड़ दिए है जिसकी वजह से आने जाने के लिए बीसों किलोमीटर की गणेश परिक्रमा करनी पड़ती है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जब बनना नहीं था तब बनी सड़क को बिगाड़ा क्यों। जिस तरह से इस रोड की कंडीशन ठेकेदार ने बिगाड़ा है कि लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारी आखिर ठेकेदार पर इतना मेहरबान क्यों हैं इस तरफ किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान भी नहीं जा रहा है चुनाव आते ही सभी पार्टी के उम्मीदवार लोकलुभावन झूठे वादे सिर्फ करते हैं। जबकि यह मार्ग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से नींबी से ओठगी तरहार नहर की पुलिया तक स्वीकृति है नींबी हाइवे से नींबी गांव तक बनी वर्षों से यह सड़क और इस रास्ते पर चलने वाले अपने भाग्य को कोषते हैं।

## तहसील जाते समय दुर्घटना में अधिवक्ता की दर्दनाक मौत, परिजनों में कोहराम



**धनूपुर।** हरीपुर, बिठौली गांव निवासी रहे अधिवक्ता स्व. कड़ेदीन तिवारी के चार पुत्रों में सबसे छोटे रत्नेश तिवारी अधिवक्ता उम्र 42 वर्ष हंडिया तहसील में वकालत करते थे। प्रत्येक दिनों की तरह सोमवार को हंडिया तहसील जाते समय शुकुलपुर बाजार में रुके थे, उसके बाद हंडिया तहसील के लिए निकले लेकिन धनूपुर बाजार के पूर्व किसी कार ने सामने से टक्कर मार दिया जिसमें उनको गंभीर चोंटे आईं सूचना पर हंडिया पुलिस पहुंची और घायल रत्नेश को उपरदहां बरौत स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची जहां पर रत्नेश की सांसें थम गई।शव को हंडिया पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु प्रयागराज भेज दिया है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है मृत रत्नेश तिवारी को एक बेटा और एक बेटी है।

# शबे कद्र में इबादत करना हजारों महिनों से बेहतर है : मुफ्ती फजलुर रहमान इलाहाबादी

## जामा मस्जिद आजमपुर निमहारा में तरावीह में कुरान के एक दौर मुकम्मल होने पर युवा आलिम का संबोधन



**मऊआइमा।** शबे कद्र हजारों महिनों से बेहतर है।और कुरान अल्लाह की तरफ से अवतारित आसमानी ग्रंथ है, जिसमें सच्चाई, अहिंसा, मानवता, बुराइयों से दूर रहने की तरफ रहनुमाई की गई है, मौलाना फजलुर्रहमान ने कहा पवित्र कुरान में अमन और शांति की शिक्षा दी गई है ।, पवित्र कुरान रमजान में नाजिल किया गया, उक्त बातें युवा आलिम मुफ्ती फजलुर रहमान इलाहाबादी ने मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला आजमपुर में स्थित जामा मस्जिद में तरावीह में कुरान का एक दौर मुकम्मल होने पर कहीं, उन्होंने कहा रमजान अत्यंत पवित्र महीना है, इस महीने में हर नेकी पर सत्तर गुना सवाब बढ़ा दिया जाता है,। उन्होंने कहा पाबंदी से तरावीह की नमाज पढ़ने वाले बहुत ही खुशनसीब है, तरावीह में कुरान का एक शब्द पढ़ने या सुनने पर सात हजार नेकियां मिलती है , मौलाना ने कहा शबे कद्र बहुत ही पवित्र रात है , इस रात में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, शबे कद्र में इबादत करना हजार महीनों से बेहतर है , उन्होंने कहा रमजान के शेष बचे हुए दिनों में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने और गरीबों को दान देने की अपील किए।

# एसडीएमएल गुरुकुलम पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**मांडा।** हंडिया बरौत क्षेत्र के ग्राम सभा गोंदौरा एस डी एम एल पब्लिक स्कूल मे सोमवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक महोत्सव बड़ी घूम धाम से मनाया गया। साथ में ग्रामीण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर उपस्थित छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने कला का प्रदर्शन करते हुए जलते हुए आग के गोलों को पार कर अपने कला का प्रदर्शन किया। स्कूल के डायरेक्टर गोविंद कुमार ने बताया कि हमारे स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को जुड़े एवं करार्टे जैसे स्वयं सुरक्षा के लिए भी प्रशिक्षित किया जाता है और हर वर्ष सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करा कर ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभागियो को निखारने का कार्य विद्यालय समिति करती है ' इस बीच स्कूल के डायरेक्टर ने आए हुए सम्मानित अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत कर आभार जताया। स्कूल के तरफ से किए गए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के ग्रुप ए में अर्जुन गुप्ता, ग्रुप बी में कार्तिक सिंह, तथा ग्रुप सी में सिद्धार्थ राव को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सायकिल देकर सम्मानित किया गया और बाकी सभी बच्चों को साइकिल घड़ी व मेडल देखकर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। स्कूल के विद्वान टीचर सुभाष मिश्रा ,जे. एल, अमरेश, प्रशांत आर. के, विनय, पूजा , पंकज, एलबी, निशा, तथा आदि लोग शिक्षक द्वारा कार्यक्रम संपन्न किया गया। मौके पर विजय मौर्य, रवि मौर्य, धर्मराज, देवेंद्र (ग्राम प्रधान) नागेंद्र, गिरधारी पाल, दिनेश यादव, कमलेश यादव, विवेक बिंद, विकास, अनिल, आशीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## फिर आएगी मोदी सरकार, सीट मिलेगी 400 पार : डॉ संगम मिश्र



**जसरा।** मेजा करछना बेलारी गांव सभा में ग्राम प्रधान के.डी.कोरी के आवास पर होली मिलन कार्यक्रम का विशाल आयोजन हुआ। होली मिलन समारोह में डॉ संगम मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए। के.डी.कोरी के यहां गांव के सम्मानित लोग व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गीत-गौनई के समापन के बाद डॉ संगम मिश्र ने लोगों से नारा लगवाया-तीसरी बार मोदी सरकार।सीट मिलेगी 400 पार।डीहा चुप्पेपुर दलित बस्ती में लाभार्थियों के घर-घर जाकर भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी डॉ संगम मिश्र ने मोदी योगी सरकार की उपलब्धियां व कार्यों के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी। दलित समाज के लोगों के यहां जाकर उनका हाल-चाल जाना। गोष्ठी में नव मतदाताओं से इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में 370 वोट अधिक डलवाने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा इससे भाजपा का 370 सीट प्राप्त करने का लक्ष्य आसानी से पूर्ण हो जाएगा। वहां भी लोगों से नारा लगवाया।फिर होगी मोदी सरकार।सीट आएगी 400 पार। इसके बाद डॉ संगम मिश्र चंदौली गांव गए।वहां भैरव लाल पटेल की धर्मपत्नी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा।वहां पर भी क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।जिसमें मुख्य रूप से आलोक कुमार चौधरी ग्राम प्रधान चंदौली, व भड़ेवरा मंडल के महामंत्री रामबाबू आदि लोग उपस्थित रहे।भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र का बीरपुर चौराहे पर उमेश चंद्र पांडे पूर्व प्रधान के नेतृत्व में आए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता,वरिष्ठ नागरिक व बड़ी संख्या में उपस्थित सैकड़ो लोगों ने माला पहनकर व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। वहां पर भी लोगों ने नारा लगाया।तीसरी बार मोदी सरकार।अबकी बार 400 पार।डॉ संगम मिश्र सुबह से शाम तक क्षेत्र के भ्रमण पर ही रहते हैं।आज भी रोज की भांति इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र का व्यापक जनसंपर्क किया।बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।जिनमें मुख्य रूप रूप से यमुनापार भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप शुक्ल,एस.के.तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल अकादमी प्रयागराज,अमरेश मिश्र,मंडल महामंत्री रामबाबू,राजा राम चोधरी,जग्गू पाल,यश विक्रम त्रिपाठी,बाबू पाल,रिंकू पाल,घनश्याम पाल आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता,वरिष्ठ नागरिक एवं नए मतदाता उपस्थित रहे।

# स्मार्ट क्लास के संचालन से बच्चों का मार्ग होगा प्रशस्त : बीके सिंह






अखंड भारत संदेश

**मेजा।** क्षेत्र के विसहिजन कला अधियारी नगर स्थित मेजा पब्लिक स्कूल के हर क्लास में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन एवं सैनिक स्कूल में चयनित बच्चों तथा स्कूल क्लास में टॉप 5 बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बीके सिंह तथा विशिष्ट अतिथि करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी रहे। मुख्य अतिथि बीके सिंह ने मेजा क्षेत्र में स्मार्ट क्लास के उद्घाटन से बच्चों की शिक्षा व्यवस्था बेहतर होने के लिए प्रबंध तंत्र को बधाई देते हुए धन्यवाद दिया और कहा इस व्यवस्था से निश्चित तौर पर मेजा के बच्चों को लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि मेजा पब्लिक स्कूल में पढ़कर आज सैनिक स्कूल में बच्चे चयनित हो रहे है यह काफी गर्व कि बात है। इससे लिए उन्होंने मेजा पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों शिक्षिकाओं को बधाई का पात्र बताया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्कूल के डायरेक्टर द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के अध्यक्ष बाबा तिवारी द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के अध्यक्ष बाबा तिवारी तथा संचालन स्कूल के डायरेक्टर अमरेश तिवारी ने किया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद यमुनापार अध्यक्ष नित्यानंद उपध्याय, सिद्धांत तिवारी, कामेश्वर पटेल, देशराज सिंह, राजू समदड़िया,पिंटू चौबे, जीतेन्द्र सोहगौरा, अनिल शुक्ल, अलोक शुक्ल, राजू तिवारी, रंजय मिश्रा, राकेश तिवारी,अशोक मिश्रा संदीप तिवारी, भानुमति व स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाए अभिवावक तथा बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

### मेजा पब्लिक स्कूल में स्मार्ट क्लास का हुआ शुभारंभ



## कौंधियारा में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कौंधियारा :** क्षेत्र के अकोढ़ा गाँव मे खंड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा अरूण कुमार अवस्थी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान,स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि अधीक्षक कौंधियारा पंकज कुमार ने प्रतिभाग किया ।मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं धूप दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की सुरुवात की ।खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया ।खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए अपने संबोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था एवं शैक्षिक स्तर के उन्नयन हेतु कायाकल्प 19 बिन्दु संतृप्तिकरण,मिशन प्रेरणा, निपुण भारत एवं दीक्षा जैसे कई कार्यक्रम शासन,बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहें हैं ।जिसमे कायाकल्प का कार्य ग्राम प्रधानों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है ।कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने नाटक के द्वारा सरकारी योजनाओं द्वारा जागरूक किया गया साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कौंधियारा ब्लाक के अन्तर्गत कई गांव के ग्राम प्रधान एवं प्रधान अध्यापक,प्रभारी प्रधान अध्यापको को ब्लॉक प्रमुख द्वारा सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में सभी एआरपी द्वारा डीबीटी योजना,निपुण भारत आदि बिंदुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश पाण्डेय,प्रधान मनोज कुशवाहा,समर बहादुर सिंह,महेश शुक्ल,दुर्गेश मिश्र,एआरपी सहित कई गांव के प्रधान,प्रधानाध्यापक,शिक्षक एवं शिक्षामित्र उपस्थित रहे। अंत मे एआरपी शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापिय किया गया और कार्यशाला समापन की घोषणा की गयी।

# न्यूज झरोखा

## शार्ट सर्किट से गेंहू के खेत में लगी आग से कई बिस्वा तैयार खेती नष्ट



**मऊआइमा।** सोमवार को तेज हवाओं के कारण खेत से गए बिजली के तारों में से शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से गेंहू के खेत में आग पकड़ लिया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाए फिर भी हजारों का गेंहू जल कर राख हो गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र में सोमवार को ग्रामसभा कहली के कुशहरा निवासी विजय कुमार पटेल पत्र भाईलाल पटेल की चन्दावट उर्फ पूरे मातादीन भोला चौराहा पर दस बिस्वा के करीब खेत है। जिसमें वह गेंहू बोए हुए है। बताया गया है कि विजय बहादुर पटेल के पकी फसल में शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से गेंहू के खेत को पकड लिया। बताया गया है कि जिससे फसल जलने लगा शोर सुन कर सभी ग्रामीण पानी लगा कर और आग आगे न पकडे ट्रैक्टरों से रौंद कर किसी तरह आग पर काबू पाए। फिर भी विजय बहादुर पटेल की लगभग चार बिस्वा खेती लगभग हजारों की पकी फसल जलकर नष्ट हो गयी। किसानों का कहना है कि एक तरफ ओलावृष्टि फिर बेमौसम बारिश से बचे खेतों की फसलों को आग निगल रहा है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख



**सहसों।** सराय इनायत थाना के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के बगई कला गांव में सोमवार की दोपहर बाद शार्ट सर्किट के कारण आग लग जाने से किसान की 10 विश्वा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका अन्यथा किसानों का भारी नुकसान हो सकता था। जानकारी के अनुसार बभन कुइया गांव निवासी मौजी लाल कनौजिया का खेत बगल के गांव बगई कला में है। जिसमें उनकी गेहूं की खड़ी फसल एकदम पककर तैयार कटने वाली थी। परंतु सोमवार की दोपहर बाद शार्ट सर्किट से चिंगारी निकलने के कारण खेत में आग लग गई। प्रधान प्रताप बहादुर सिंह ने खेत में धुआं उठता देख ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए तथा समरसेबल पम्प चलवा कर ग्रामीणों के साथ काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आंखों में आंसू लिए किसान मौजी लाल कनौजिया ने बताया कि 10 विश्वा गेहूं जलकर राख हो गया जिसकी सूचना तहसील में दे दी गई है।

## मांडा खास मे स्थित मेढुली मईया के मन्दिर परिसर में गंदगी का लगा अंबार, दर्शार्थियो में आक्रोश



**मांडा।** क्षेत्र में स्थित शीतला मन्दिर (मेढुली मईया) पर हर साल चैत्र के नवरात्र में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। हजारों के तादाद में महिलाएं मन्दिर परिसर में मौजूद सातों बहनों को नारियल, चुनरी, माला फूल, बतासा के अलावा पुड़ी, हलुआ बनाकर माता रानी का भोग लगाती हैं। लेकिन विगत वर्षों से मन्दिर परिसर में भारी गंदगी के कारण दर्शनार्थियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मन्दिर परिसर में आए दिन कोई न कोई दर्शन करने आते हैं। वहीं मन्दिर परिसर के आस पास गंदगी व खाली पड़ी जमीन भूस्खलन होने की वजह से दर्शनार्थियों ,महिलाओ, बच्चों में भय बना रहता है। मन्दिर में रोज महिलाए, पुरुष समेत बच्चे दूर दराज से माता रानी के दर्शन के लिए आते हैं।जहां कि मन्दिर परिसर में देख रेख के लिए मौजूद पंडा मुंदर माली ने कहा कि मन्दिर के चारों तरफ बाउंड्री बनाई गई थी। लेकिन बरसात के समय में ही गिर गया जो अभी तक उक्त बाउंड्री का निर्माण नहीं किया गया। इस बारे में ग्राम प्रधान व बीडीओ मांडा को भी अवगत कराया गया। लेकिन उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत में धन अभाव के कारण कोई भी नया कार्य नही करवाया जा रहा हैं।

## सेवानिवृत्ति दो शिक्षकों की हुई भावभीनी विदाई



**सहसों।** श्री राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुलालपुर में कार्यरत दो शिक्षक प्रमोद नारायण मिश्र एवं जबर सिंह यादव ने अपने शिक्षणेत्तर कार्य से मुक्त होते हुए 31 मार्च को सेवानिवृत्ति हो गए। विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारीयों द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों को माल्यार्पण एवं उपहार देकर भावभीनी विदाई की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने सेवानिवृत शिक्षकों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके सेवाकाल की सराहना कर व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। तथा दोनों शिक्षकों को उपहार स्वरूप श्री रामचरितमानस का पुस्तक एवं अंगवस्त्रम भेंट कर ससम्मान विदा किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा गंगापार शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, कमला कांत शुक्ला, राजेश कुमार मिश्रा, महरानी दीन मिश्रा, अशोक शर्मा, शशांक तिवारी एवं बलवंत सिंह सहित विद्यालय के आदि शिक्षक व कर्मचारी विदा करते मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही वाहनों की चेकिंग



**सहसों।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग सहित प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। चुनाव आयोग द्वारा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए मजिस्ट्रेट द्वारा वाहनों की सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को भोपतपुर नेशनल हाईवे चौराहा के समीप एफ एस टी मजिस्ट्रेट रवि कुमार मौर्य द्वारा कई वाहनों की सघन तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि यह तलाशी अभियान लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक जारी रहेगा ताकि किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी चुनाव में ना हो पाए तथा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो सके। सघन तलाशी अभियान में उप निरीक्षक सफीक अहमद सहित आदि सिपाही शामिल रहे।

## जूनियर हाईस्कूल फतेहपुरमाफी में पैरेंट्स टीचर मीटिंग एवं विदाई समारोह



**प्रतापपुर।** सार्वजनिक ग्रामीण पूर्व माध्यमिक विद्यालय, फतेहपुरमाफी, गोरिगों, प्रतापपुर में पैरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। विद्यालय के अध्यापकों और अभिभावकों के मध्य उनके बच्चों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई तथा जरूरी सुझावों का आदान प्रदान हुआ ।कक्षा छह, सात एवं आठ के छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड अंक पत्र वितरित किया गया ।कक्षा छह में प्रथम स्थान शैव्या यादव, दूसरा स्थान सौम्या यादव, कक्षा सात में प्रथम स्थान सौम्या यादव, दूसरा स्थान तान्या सरोज, कक्षा 8 में प्रथम स्थान सत्यम तथा दूसरा स्थान साक्षी यादव को प्राप्त हुआ ।कक्षा आठ के विद्यार्थियों का विदाई समारोह भी हुआ तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के वरिष्ठ सहायक अध्यापक सिद्धार्थ भारद्वाज ने बताया कि विद्यालय में 1 अप्रैल से नये शैक्षिक सत्र में कक्षा छह, सात एवं आठ में प्रवेश शुरू हो चुका है ।इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त प्रयागराज ने की सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों के साथ अन्तर्राज्यीय सीमा बैठक

अखंड भारत संदेश

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024




**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत त्रिवेणी सभागार पुलिस लाइन्स में पुलिस आयुक्त, प्रयागराज की अध्यक्षता में जनपद प्रयागराज के सीमावर्ती राज्य मध्य प्रदेश के जनपद रीवा, सतना, चित्रकूट, बांदा एवं प्रयागराज के पुलिस/प्रशासनिक एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ अन्तर्राज्यीय सीमा समन्वय बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें अवैध धन/शराब एवं निषिद्ध मादक पदार्थों के मूवमेंट पर रोक लगाने हेतु विचार विमर्श किया गया तथा मध्य प्रदेश/ जनपद प्रयागराज की सीमा पर स्थापित बैरियरों पर समन्वित चेकिंग एवं आवश्यक प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु ब्रीफ किया गया। बैठक में महेन्द्र सिंह सिकरवार, पुलिस महानिरीक्षक जोन रीवा म0प्र0, गोपाल चन्द्र डाड, मण्डलायुक्त रीवा म0प्र0, विजय विश्वास पंत, मण्डलायुक्त प्रयागराज, एन0 कोलांची, अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज, नवनीत सिंह चहल, जिलाधिकारी प्रयागराज, अनुराग वर्मा, जिलाधिकारी सतना म0प्र0, विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक रीवा म0प्र0, श्री अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट, दीपक भूकर, पुलिस उपायुक्त नगर प्रयागराज, श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर प्रयागराज, आशुतोष द्विवेदी, अपर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय प्रयागराज, गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज, श्रीमती सपना त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी, रीवा म0प्र0, राजेश प्रसाद चौरसिया, अपर जिलाधिकारी चित्रकूट, राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बांदा, पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रयागराज, मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर प्रयागराज, लक्ष्मीनिवास मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा, श्री सतीश चन्द्र, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध प्रयागराज, अभिजीत कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर,राजीव, एआरटीओ प्रशासन प्रयागराज, प्रत्यूष कुमार, मुख्य कोषाधिकारी प्रयागराज, विनोद कुमार सिंह नगर मजिस्ट्रेट प्रयागराज, अविनाश यादव, एसडीएम कोरांव प्रयागराज, दिग्विजय सिंह, एसडीएम बारा प्रयागराज, श्री राकेश कुमार पाठक, उपजिलाधिकारी मऊ चित्रकूट, श्री संजय कुमार जैन, उपजिलाधिकारी त्योंथर रीवा म0प्र0, संतलाल सरोज, एसीपी बारा प्रयागराज, श्री रवि कुमार गुप्ता, एसीपी मेजा प्रयागराज, श्री विवेक यादव, एसीपी कौंधियारा प्रयागराज, उदित मिश्रा, एसडीओपी त्योंथर रीवा म0प्र0, रोहित राठौर, एसडीओपी चित्रकूट म0प्र0, आर0पी0 सिंह, पुलिस उपाधीक्षक रीवा म0प्र0, बलराम प्रजापति, आयकर विभाग प्रयागराज, श्री समीर पात्र, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रयागराज, बृजेश कुमार पाण्डेय, आबकारी निरीक्षक प्रयागराज, प्रवीण उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक पनवार रीवा म0प्र0, ऊषा सिंह, प्रभारी निरीक्षक चाकघाट रीवा म0प्र0, राकेश भारती प्रभारी निरीक्षक कोरांव प्रयागराज,ओमप्रकाश, प्रभारी निरीक्षक शंकरगढ़, आशीष सिंह, थानाध्यक्ष खीरी आदि उपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से कई बीघे गेंहू की फसल जलकर राख




**सोरांव।** इलाके के शेखपुर सराय भारत में दोपहर लगभग 11 बजे गेंहू के खेत के ऊपर से खींचे गए विद्युत तार से विद्युत शार्ट सर्किट की वजह से चिंगारी गिरने से खेत में खड़ी गेहूं की कई बीघे फसल धू धू करके जलने लगी। मामले में सैकड़ो ग्रामीणों संग आसपास के गांव वालों के आने के बाद आग को बुझाने लगे। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद लगभग 2 घंटे तक आग बुझाने का ऑपरेशन चलाए। जब तक आग पर काबू पाया जाता उससे पहले लगभग दर्जन भर खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बृजेश कुमार मिश्रा , प्रभाकर मिश्रा, शिवाकांत मिश्रा, जमुना प्रसाद मिश्रा,राजेंद्र यादव, पारस यादव आदि कई किसानों की गेहूं की फसल तैयार थी। सोमवार दोपहर में अचानक खेत में खड़ी फसल धू-धू करके करके जलने लगी। मामले में सैकड़ो किसानों संग सूचना पर पहुंची दमकल कर्मी आग पर काबू पाए। जिसमें फायर ब्रिगेड कर्मी अशोक कुमार मिश्रा, हरवन प्रसाद, कमलेश कुमार, उमेश कुमार, त्रिपुरारी नंदन दुबे, विजय चौहान, राधेश्याम यादव आदि कर्मचारियों ने खूब परिश्रम करके आग पर काबू पाया,वरना किसानों का काफी नुकसान हो जाता।

# रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक की वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक/ प्रयागराज के साथ बैठक

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** सोमवार को रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक श्री अन्शू पाण्डेय की अध्यक्षता में, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के संकल्प सभागार में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय)/प्रयागराज एवं परिचालन विभाग के अन्य अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों के साथ बैठक किया गया जिसमें ऑनलाईन माध्यम से रेलवे बोर्ड के एवं मंडल के प्रमुख स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक तथा यातायात निरीक्षक शामिल हुये। इस मीटिंग में प्रमुख रूप से यार्ड की मोबिलिटी को कैसे बढ़ाया जाये एवं इसको मापने के लिये क्या पैरामीटर होना चाहिए, जिससे मंडल की मोबिलिटी में सुधार हो सके। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक / भोपाल द्वारा अमृत यार्ड जो एक मॉडल के रूप में तैयार किया गया है, वह सराहनीय है वैसा ही भारतीय रेल के अन्य यार्डों को भी तैयार करने के सम्बंध में चर्चा की गयी। इसके पश्चात ट्रेन संचालन में कन्ट्रोलरों एवं स्टेशन मास्टरों की भूमिका और उनकी कार्यशैली पर विस्तृत चर्चा हुयी तथा भारतीय रेल में चल रहे सिस्टम, सिस्टम तथा में कार्यरत सिस्टम पर भी चर्चा हुयी। इसके साथ ही उपरोक्त प्रणालियों में कौन सी प्रणाली वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुये अपनायी जानी चाहिए, गाड़ियों के संचालन में योजना बनाने, वर्त्तमान कार्यशैली को सुगम बनाने के सम्बंध में मंथन किया गया, जिससे संरक्षित एवं सुरक्षित गाड़ियों का संचालन किया जा सके।


## अंधियारी टोल बूथ पर विवाद के बाद हाथापाई, मारपीट का वीडियो वायरल

**प्रयागराज।** अंधियारी गांव की गाड़ी को पास न करने पर ग्रामीण नाराज हो गए। विवाद बढ़ा और दो पक्षों के बीच हाथापाई हुई। पुराने कर्मचारियों के समझाने पर मामला शांत हुआ। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। अंधियारी टोल प्लाजा पर आए दिन निजम बदलते रहता है। इन दिनों पंकज दुबे टोल प्लाजा के प्रबंधक हैं। उनके चार्ज संभालने के बाद टोल बूथ पर आएदिन विवाद होता है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे अंधियारी गांव की ही एक गाड़ी बूथ से पार हो रही थी। टोलकर्मी ने टैक्स मांगा तो वाहन स्वामी लोकल का हवाला देकर टोल टैक्स देने से इंकार कर दिया। इसी बाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ा तो हाथापाई की नौबत आ गई। हालांकि पुराने कर्मचारियों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। टो प्रबंधक ने बताया कि इनोवा गाड़ी से आए थे बिना टोल दिए जाना चाह रहे थे। किसी के लिए टोल टैक्स में छूट नहीं है, लोकल का पास बनवाकर जितना चाहें उतनी चक्कर जाएं।

# निकले मातमी जुलूस, गूंजी अली मौला हैदर की सदाएं

### रानीमंडी, दरियाबाद, बख्शी बाजार में अंजुमनों ने पढ़ा नौहा, मौलानाओं ने मजलिस को खिताब किया

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शहादत हजरत अली पर गम मनाने का सिलसिला जारी है। शहर के कई इलाकों में मजलिस के साथ ही जुलूस निकाले जा रहे हैं। रानीमंडी चकय्यानीम स्थित नवाब नन्हें की कोठी से मुतवल्ली असगर अब्बास की देखरेख में जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। या अली मौला हैदर मौला की सदाएं बुलंद की गईं। जुलूस के बाद कई मौलानाओं ने शिरकत की। जैगम अब्बास ने मर्सिया पढ़ा। मौलाना सैय्यद रजी हैदर रिजवी ने मजलिस को खिताब किया। मस्जिद काजी बख्शी बाजार से मजलिस का आगाज हुआ। जवादुल हैदर रिजवी की कयादत में फजर की नमाज के बाद डॉ. रिजवान हैदर रिजवी ने मजलिस को खिताब किया। इस दौरान या अली मौला हैदर मौला की सदाएं गूंजीं।दरियाबाद में इमामबाड़ा अरब अली खां में मजलिस हुई जिसमें अन्जुमन हाशिमया ने नौहा पढ़ा। मस्जिद गदा हुसैन दरियाबाद में मजलिस को मौलाना जाबिर अब्बास ने खिताब किया। करेलाबाग में मुसल्ला ए जीशान में लाइट बंद कर मजलिस हुई। रेयाज मिर्जा व शुजा मिर्जा ने गमगीन मर्सिया पढ़ा। मौलाना आमिरुर रिजवी ने शहादत ए हजरत अली का बयान किया। अन्जुमन आबिदया ने नौहा और मातम का नजराना पेश किया। अन्जुमन के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक, अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी, अन्जुमन नकविया दरियाबाद, अन्जुमन शब्बीरिया रानीमंडी, अन्जुमन मजलूमिया रानीमंडी व अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया बख्शी बाजार जुलूस में शामिल हुईं। रौनक सफीपुरी, कि बला नकवी,शानू नकवी, डॉ. अबरार, फैज जाफरी, हुसैन मेंहदी, नेयाजुल हसन, हाशिम बांदवी, हैदर, आबिद, शीराज, राहिब, अब्बास,नाज़िर, राजन अब्बास आदि शामिल हुए। शबीहे ताबूत मौला ए कायनात निकाला : अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया और मोमनीन इलाहाबाद की ओर से मस्जिद काजी मोमबत्ती की रौशनी में हजरत अली इब्ने अबुतालिब का ताबूत निकाला गया। अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार भोर में तकरीबन 4:45 बजे मौलाना जवादुल हैदर रिजवी नमाज ए फजर अदा कराई। मौलाना सैय्यद रजी हैदर रिजवी ने खिताब किया। शबीहे ताबूत मौला ए कायनात हजरत अमीरुल मोमेनीन को नौजवानों ने कांधा देकर मस्जिद में गश्त कराया।

## न्यूज झरोखा

### इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, इलाहाबाद के लाभ में बढ़ोत्तरी



**प्रयागराज।** बैंक सभापति श्री शिव मोहन मौर्या ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, इलाहाबाद के लाभ में आने पर कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में मु0 1.14 करोड़ रू0 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंक का लाभ दो गुणा बढ़कर मु0 2.31 करोड़ रू0 हो गया है, बैंक लगातार दो वित्तीय वर्षों में लाभ पर रही जो कि बैंक के इतिहास में दशकों बाद हुआ है। सभापति द्वारा बैंक अधिकारियों कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुये बैंक के लाभ को आगामी वित्तीय वर्षों में निरन्तर बढोत्तरी हेतु प्रेरित किया गया और कहा कि इस स्तर पर हमारा कर्तव्य है कि हम यह सुनिश्चित करें कि बैंक इससे भी आगे बढ़े और इस गति को निरन्तर बनाये रखे। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष द्वारा सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी आनन्द प्रकाश अग्रवाल के साथ-साथ बैंक के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। मण्डल के उप आयुक्त एवं उप निबन्धक, सहकारिता विनोद कुमार सिंह एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता प्रयागराज विवेक यादव ने बैंक आकर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है

### मतदाताओं को जागरूक करने पनासा गांव पहुंचीं करछना एसडीएम जागृति अवस्थी



**करछना।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए ग्रामीण मतदाताओं के पास पहुंची उपजिलाधिकारी करछना जागृति अवस्थी जहां पनाश गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और इस रैली में उपजिलाधिकारी करछना जागृति अवस्थी ने लोगों को मतदान के प्रति ईमानदार तरीके से अपने मत का अधिकार करने की अपील की और गांव की महिलाओं और बुजुर्गों को मतदान का अहमियत बताया जिससे ग्रामीण भी सहमत हुए और मतदान के लिए सभी कामों को छोड़कर सबसे पहले मतदान करने का करने की शपथ ली और कहा कि मतदान के दिन हम सबसे पहले अपने बूथ पर पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान करने के बाद ही अपने किसी भी कार्य को करेंगे

### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




**नैनी।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियों का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियों का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।

# अरैल में माधव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी के अरैल में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत माधव मंदिर का साफ सफाई किया गया इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी पार्षद मयंक यादव महंत दामोदर प्रसाद तिवारी डॉक्टर सुभाष कुशवाहा पप्पू सिंह कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया। इसी कड़ी में। करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद के स्वस्थ लाभ के लिए माधव मंदिर में संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में पूजा अर्चना करके माधव जी से प्रार्थना किया गया कि जल्द से जल्द विधायक पीयूष रंजन जल्द से जल्द स्वस्थ हुए माधव जी अपना आशीर्वाद प्रदान करें इस अवसर पर महंत पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी बाबूजी यादव अशोक निषाद राणा श्रीवास्तव डॉक्टर सुभाष कुशवाहा आदि कार्यकताओं ने पूजा अर्चना करके स्वस्थ लाभ के लिए माधव जी की पूजा अर्चना किया।



## पार्षद एवं भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक संपन्न

**नैनी।** नैनी इलाहाबाद लोकसभा अंतर्गत शहर दक्षिणी विधानसभा में पार्षद एवं पार्षद का चुनाव लडे चुके प्रत्याशियों एवम भाजपा ज्वाइन करने वाले नए सदस्यों की एक बैठक विधानसभा कार्यालय में हुई। मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा के प्रभारी मनोज जयसवाल ने सभी से भाजपा को 400 पार कराने में सहयोग करने का आह्वान किया उन्होंने बताया पार्टी इस बार प्रत्येक बूथ पर पिछले बार से 370 से अधिक प्राप्त करने के लक्ष्य लिया है इसको पूरा करने में सभी जुट जाएं और आगामी 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रत्येक बूथों पर बैठक करके स्थापना दिवस मनाए जाने की बात कही। पार्षदों का नेतृत्व कर रहे महापौर गणेश केसरवानी ने कहा अबकी बार 400 पार 'ऐसा पहली बार हुआ है कि जनता ने ही अपनी प्रिय सरकार को वापस लाने के लिए इस तरह का नारा बुलंद किया है और हमे पूर्ण विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र मिश्र जी ने सभी कार्यकर्ताओं से विजय अभियान में जुट जाने को कहा उन्होंने कहा सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर भाजपा की योजनाओं को प्रचार करते हुए उनसे समर्थन प्राप्त करें। बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी सुरेश मौर्या, विस्तारक प्रिंस गुप्ता, उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, प्रमोद जयसवाल, अनिल केसरवानी, राजेश केसरवानी, मधुमिता नाथ, किरण जयसवाल, साहिल अरोड़ा, सुनीता चोपड़ा, आकाश सोनकर, समेत अन्य पार्षदगण, पार्षद का चुनाव लड़ चुके प्रत्याशी एवम नए ज्वॉइन हुए सदस्य उपस्थित रहे।

## साइबर शातिरो ने फोन पे युवती से 45 हजार रुपए उड़ाए

**प्रयागराज।** महरूडीह गांव की रहने वाली युवती को फोनकर ने युवती बीमार पिता के बनावटी आवाज सुनाकर युवती से कई बार में 45 हजार रुपया फोनपे कराकर उड़ा दिया। युवती को बाद में ठगी करने सच्चाई की जानकारी हुई तो रविवार को फाफामऊ थाने में अज्ञात साइबर शातिरो के खिलाफ ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक फाफामऊ थाना क्षेत्र के महरूडीह मलाक हरहर की रहने वाली दिव्या पांडेय के पिता बाहर रहते है आरोप है कि दो दिन पहले उसके मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबर से काल आया और बताया कि आपके पिता की तबियत खराब है और अस्पताल में भर्ती है उनके इलाज हेतु पैसे की जरूरत है यहां तक की मोबाइल पर उसके बीमार पिता की बनावटी आवाज भी सुनाई जिससे युवती को उनके ऊपर विश्वास हो गया। जिस पर साइबर शातिरो द्वारा इलाज हेतु 45 हजार रुपया फोनपे पर मांगा गया तो युवती ने तीन बार में शातिरो के मोबाइल पर रुपया भेज दिया। बाद में युवती के पिता ने युवती को फोन किया तो ठगी के बारे में जानकारी हुई।

# हाईकोर्ट का अहम फैसला : बगैर नियमित विभागीय कार्यवाही के पुलिस कर्मियों का निलंबन गलत, कोर्ट ने रद्द किया आदेश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि बगैर नियमित विभागीय कार्यवाही के पुलिस कर्मचारियों को निलंबित करना गलत है। कोर्ट ने इसी के साथ दरोगा व हेड कांस्टेबल के निलंबन को गलत मानते हुए आदेश रद्द कर याचिका मंजूर कर लिया है।याचिका के अनुसार याचीगण लाल प्रताप सिंह उपनिरीक्षक एवं बृजेश कुमार मुख्य आरक्षी, विशेष अभिसूचना विभाग ललितपुर में कार्यरत थे। इन्हें उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दंड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम-17 (1) (क) के प्राविधानों के तहत दिनांक 24 जनवरी 2024 को निलंबित कर दिया गया और निलंबन की अवधि में पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) विशेष शाखा अभिसूचना विभाग कानपुर नगर से संबद्ध कर दिया गया।याचीगणों पर निलंबन आदेश में यह आरोप था कि इन्होंने अपने से जुड़े लोगों को कहा कि अगर किसी मामले में कथित न्याय नहीं मिल रहा है, तो वे मुख्यमंत्री के यहां जाकर धरना, प्रदर्शन और आत्मदाह करें। यह भी कहा कि ऐसा लिखकर प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी या पुलिस अधीक्षक को दें, जिससे जिला स्तर से ही काम हो जाएगा।इस निलंबन आदेश दिनांक 24 जनवरी 2024 के विरूद्ध याचीगण ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कीं। याचिका में कहा गया है कि याचीगण के ऊपर निलंबन आदेश में जो आरोप लगाये गए हैं वह बिल्कुल निराधार एवं असत्य हैं। याची पुलिस कर्मियों के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम ने कोर्ट को बताया कि निलंबन आदेश जारी करने के बाद पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) विशेष शाखा अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश के आदेश दिनांक 29 जनवरी 2024 के तहत मंडलाधिकारी अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश कानपुर को प्रारंभिक जांच आवंटित की गई तथा मंडलाधिकारी अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश कानपुर नगर ने याचीगणों को इस प्रकरण में अपना अभिकथन प्रारंभिक जांच में अंकित कराने के लिए दिनांक 13 फरवरी 2024 को निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का कहना था कि निलंबित करते समय सक्षम अधिकारी के पास कोई साक्ष्य नहीं था और बिना ठोस साक्ष्य के निलंबित करने का आदेश मनमाना कार्य है। बहस में यह भी कहा गया कि निलंबन आदेश में गलत तथ्य दर्शाए गए हैं। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने अपने आदेश में कहा है कि रिकॉर्ड अवलोकन करने के बाद यह प्रतीत होता है कि याचीगणों के विरुद्ध प्रारंभिक जांच विचाराधीन है। कोर्ट ने सच्चिदानंद त्रिपाठी के केस में प्रतिपादित की गई व्यवस्था को आधार मानते हुए निलंबन आदेश को विधि विरुद्ध माना।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव स्थगित करने पर भड़के वकील, कमेटी कर रही पुनर्विचार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। तीन अप्रैल बुधवार को मतदान होना था। इस चुनाव में 28 पदों के लिए 209 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। चुनाव प्रचार के दौरान तमाम रोक के बावजूद प्रत्याशियों की ओर से रात्रि भोज जैसे कार्यक्रमों का आयोजन बेखौफ किया जा रहा था। इसको चुनाव समिति ने आचार संहिता का खुला उल्लंघन मानते हुए रविवार को निंदा प्रस्ताव भी पारित किया था।सोमवार को हुई आपात बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेने के बाद सहायक निर्वाचन अधिकारी चंदन शर्मा ने बताया कि चुनाव को तब तक के लिए स्थगित कर दिया जाए, जब तक प्रत्याशी आचार संहिता के दायरे में रहकर चुनाव प्रचार न करें। इस बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता वीएम जैदी, आरसी सिंह, विनोद कांत श्रीवास्तव, वशिष्ठ तिवारी, प्रभाकर अवस्थी और चंदन शर्मा आदि रहे। उधर, कमेटी के फैसले पर अधिवक्ताओं ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। अधिवक्ताओं के विरोध को देखते हुए चुनाव कमेटी के अध्यक्ष वीएम जैदी ने कहा है कि फैसले पर पुनर्विचार के लिए शाम को फिर बैठक होगी। इसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा।


**आवश्यकता है**

श्री श्रीधर सिंह यादव पी0जी0 कालेज, गोसौराकला, मेजारोड प्रयागराज में निम्न सहा. आचार्यों की आवश्यकता है-

बी0काम0- (वाणिज्य संकाय स्नातक स्तर) - (3 पद)

बी0ए0- अंग्रेजी, हिन्दी साहित्य - (प्रत्येक 1 पद)

बी0एस0सी0- जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित- (प्रत्येक 1 पद)

एम0ए0- शिक्षाशास्त्र, समाज शास्त्र, संस्कृत - (प्रत्येक 2 पद)

एम0एस0सी0- रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित - (प्रत्येक 2 पद)

योग्यता/वेतन- प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय व यूजीसी के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अन्दर आवेदन करें। E-mail id- shridharal95@gmail.com

प्रबंधक

महेन्द्र सिंह, मो0: 7704047016

# डीआईओएस ने छात्राओं को मतदाता बनने के दिलाई शपथ

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में हुई चुनावी पाठशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी.जी. कॉलेज के सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत चुनावी पाठशाला का शुभारम्भ डॉ0 सरदार सिंह उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

इस अवसर पर राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज प्रतापगढ़ के प्रवक्ता डॉ0 मो0 अनीस ने मतदाता बनने के नियमों को विस्तार से छात्राओं को समझाया। इस अवसर पर राजकीय इण्टर कॉलेज रामपुर कांपा के प्रधानाचार्य श्री विन्ध्याचल सिंह ने लोकतंत्र में मतदाता के महत्व को



मतदान करने के लिये लोगों को शपथ दिलाते डीआईओएस डा0 सरदार सिंह

रेखांकित किया गया और इसके साथ ही महिलाओं को अपने इस अधिकार को संरक्षित करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 सरदार सिंह उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ प्रतिभाग किये कहा कि महिलायें परिवार की मुखिया होती है और उन्हे मतदान और लोकतंत्र में अपने महत्व को पहचान चाहिये। उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्राओं एवं समस्त स्टॉफ को शपथ दिलाया कि वे स्वयं लोकसभा चुनाव-2024 में निर्भीक होकर बिना किसी लोभ या जाति धर्म के प्रभाव में आये मतदान में प्रतिभाग करेगी और अपने परिवारीजन तथा इष्टमित्रों को भी मतदान में प्रतिभाग के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम का संचालन अनंत प्रकाश शुक्ला ने किया और संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय और डॉ0 प्रतिभा मिश्रा ने किया। अतिथियों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव व प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 20 बीघा फसल जलकर हुई राख

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लगातार मौसम बदलने और तेज हवाओं के चलते किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। बताते चलें कि तेज हवाओं के चलते शार्ट सर्किट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और किसानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। वही बताते चलें कि करमाही ग्राम सभा के लालधर पट्टी के रहने वाले बचई सिंह,जीत नारायण सिंह, अवधेश सिंह की लगभग 20 बीघा फसल जलकर राख हो गई आज तकरीबन दोपहर 3 बजे शॉर्ट सर्किट से लगी आग जिससे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन-फानन में फायर ब्रिगेड को फोन किया लेकिन फायर ब्रिगेड की फोर्स पहुंचने में विलंब कर रही थी तो ग्रामीणों ने अपने निजी पंपिंग सेट से आग को बुझाया। आग बुझ जाने के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को ग्रामीणों ने खूब खरी खोटी सुनाई।

# मोदी के नेतृत्व में देश को विकास तथा हर क्षेत्र में मिल रही चतुर्दिक सफलताः संगम लाल

## सांसद ने चौपाल में गिनाई सरकार की कल्याणकारी उपलब्धियां

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता ने सोमवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चैपालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत को हर क्षेत्र में सफलता मिल रही है।

सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने खाद्यान्न तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कल्याणकारी नीतियों से हर व्यक्ति को सशक्त होने का अवसर प्रदान किया है। रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के देवापुर, बेवली, चाहिन, सांगीपुर, दर्रा, राजमतीपुर, गोपालपुर, भैंसना, शाहबरी तथा गोड़वा में लगे चैपाल में उन्होनें कहा कि भाजपा ने सबका साथ और सबका विकास के नारे को सार्थक बनाया है। सांसद ने



चौपाल में लोगों को सम्बोधित करते सांसद संगम लाल गुप्त।

अपने कार्यकाल में जिले में विकास कार्यो को भी लोगों के बीच रखा है। उन्होने कहा कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर जनता प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ी है। चौपाल में नागेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय, कुलवंत सिंह, अभिषेक सिंह, राजकुमार सिंह, सुधीर तिवारी, गटटे मिश्र, सत्यम सिंह आदि मौजूद रहे।

### एक हप्ते से 65 वर्षीय महिला हुई लापता

**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के तकहिन पत्नी किशोरी लाल सरोज उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी ग्राम देवर पट्टी (फूलपुर) थाना बाघराय, तहसील कुंडा, जनपद प्रतापगढ़ जो एक मंद बुद्धि की वृद्ध महिला है 26 मार्च 2024 को सुबह 8:00 बजे लगभग घर से खेत देखने गई थी। काफी समय बीतने के बाद परिजन तलाश करने लगे तब से आज तक कोई पता नहीं चला। उनके लड़के अजय कुमार के कहा कि इनके बारे में पुलिस को सूचना दी है।

### फर्नीचर कारोबारी की हत्या के अंतिम आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** फर्नीचर कारोबारी के अंतिम हत्या आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पट्टी कस्बे के चिकपट्टी मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद राजा की बीते 21 मार्च को सुबह साढे नौ बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने चार की गिरफ्तारी पहले ही कर ली थी। मुख्य आरोपी स्वप्नदीप यादव उर्फ कल्लू डान को भी पुलिस ने स्वाट टीम के सहयोग से गिरफ्तार कर चुकी है। सिर्फ एक आरोपी आकाश गुप्ता फरार चल रहा था। कोतवाल आलोक सिंह उप निरीक्षक इंद्रेश कुमार स्वाट टीम प्रभारी सुनील कुमार यादव दिनेश सिंह, कांस्टेबल पवन अवस्थी अभिषेक यादव आदि ने घटना में बचे एकमात्र आरोपी आकाश गुप्ता उर्फ बाबा पुत्र लक्ष्मण गुप्ता निवासी चंदुआपट्टी थाना कधई उम्र 20 वर्ष को पट्टी चांदा मार्ग पर आमापुर मोड़ के समीप से सोमवार की सुबह 8:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशांनदेही पर एक जींस पैंट जिस पर खून के धब्बे मौजूद है पुलिस ने बरामद किया। आरोपी आकाश गुप्ता पर भी एसपी प्रतापगढ़ ने 25000 का इनाम भी घोषित किया था। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

### बीस लीटर शराब बरामद, आरोपी पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक आरोपी के पास से अवैध शराब की बरामदगी की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली लालगंज के दरोगा राजेश यादव ने गश्त के दौरान बाबूगंज भदारी मार्ग पर बीस लीटर अवैध शराब के साथ नंदराम वर्मा पुत्र मंशाराम वर्मा को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की है।

# भयहरणनाथ धाम में फूलों की हुई होली, कवियों ने शब्दों की चलाई पिचकारी

## परम्परागत फगुआ व लोकगीतों की हुई प्रस्तुतियां, पूर्व डीएम रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में गत वर्षों की भांति परम्परागत होली उत्सव का भव्य आयोजन भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा किया गया। परम्परागत फगुआ गीतों तथा लोकगीतों की प्रस्तुतियों के बीच फूलों की होली हुई। महिला काव्य मंच व आईना साहित्यक संस्था द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने शब्दों की पिचकारी चलाई और सभी को विविध रंगों से सराबोर कर दिया।

मुख्य मन्दिर में देवाधिदेव बाबा भयहरणनाथ महादेव का भव्य पूजन



होली उत्सव कार्यक्रम में मौजूद पूर्व जिलाधिकारी डा0 आरएस वर्मा।

अर्चन करके फूलों की होली खेली गई। विविध भजन व भक्ति गीत गाए गए। मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद पूर्व जिलाधिकारी प्रतापगढ आर एस वर्मा, विशिष्ट अतिथि श्रृंगवेरपुर धाम के अध्यक्ष बाल कृष्ण पाण्डेय व प्रसिद्ध लोक गायिका प्रतिमा मिश्रा सहित समस्त अतिथियों व प्रबन्ध समिति सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों ने महासचिव समाज शेखर को सरकार द्वारा मनरेगा लोकपाल के रूप में प्रतापगढ जनपद में जिम्मेदारी दिए जाने का स्वागत करते हुए बधाई दी गई। सभी ने भोलेनाथ के प्रति आभार जताते हुए सामूहिक रूप से फूलों की होली खेली। धाम के अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल व कार्यवाहक अध्यक्ष लाल जी सिंह ने सभी अभ्यागतों का स्वागत माल्यार्पण करके किया। महासचिव समाज शेखर के संयोजन में राधा कृष्ण मन्दिर में अतिथियों के साथ पूजन करके होली उत्सव के सांस्कृतिक आयोजन की शुरूवात की गई। ग्राम अहिना की परम्परागत टीम ने फगुआ का गायन करके अपनी संस्कृति का परिचय दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध लोकगायिका प्रतिमा मिश्रा व प्रसिद्ध कवियत्री डा0 नीलिमा मिश्रा ने कई बेहतरीन होली गीत प्रस्तुत किए। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता साहित्य भूषण सम्मान से अलंकृत जनकवि जय प्रकाश शर्मा ने की। वहीं संचालन महिला काव्य मंच पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष मंजू पाण्डेय महक जौनपुरी ने किया। शामिल कवि व कवियात्रियों में अभिषेक केसरवानी ऋतंधरा मिश्रा डा0 अशोक अग्रहरि रेनू मिश्रा सिम्पल काव्य धारा आभा मिश्रा आलोक बैरागी जलयोद्धा आर्य शेखर डा नीलिमा मिश्रा व सीमा त्रिपाठी ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से होली उत्सव में चार चांद लगा दिया।

### रंजिश में मारपीट पर आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के पिता के साथ मारपीट गालीगलौज व धमकी की घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत कई धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ गांव की प्रियंका पुत्री रामलाल कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेईस मार्च की रात्रि करीब दो बजे गांव के नन्हें ओझा पुत्र स्व. कलेशर ओझा उसके घर पर पहुंचे और दरवाजा खटखटाने लगे। पीड़िता के पिता के दरवाजा खोलते ही आरोपी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगा। विरोध करने पर पीड़िता के पिता को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# जायसवाल समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

## राधा कृष्ण, शिव ताण्डव मनोरम झांकी का हुआ मंचन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जायसवाल समाज ने बंधवा बाजार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और होली मिलन समारोह का जमकर आनंद उठाया समारोह का उद्घाटन बंधवा बाजार के जायसवाल समाज अध्यक्ष श्यामजी जायसवाल एवं उपाध्यक्ष सुरेश जयसवाल ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की मौके पर भगवान की आरती हुई और इसके बाद होली मिलन समारोह का शुभारंभ करते हुए उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

कार्यक्रम में स्वागत गीत, राधा कृष्ण और शिव तांडव मनोरम झांकी एवं फूलों की होली आदि के दृश्य कलाकारों ने प्रस्तुत किया। मौके पर समाज के अध्यक्ष श्यामजी जायसवाल ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्यौहार है और यह हमें मिलजुल कर रहने के साथ-साथ प्रकृती की रक्षा का भी संदेश देती है। समाज की ओर से यह पहले वर्ष होली मिलन समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। और ऐसे ही हर वर्ष सभी लोगों के सहयोग से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन आशीष जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष श्यामजी जायसवाल, कोषाध्यक्ष रंजीत जायसवाल, प्रबंधक गुलाबचंद जायसवाल, उपाध्यक्ष सुरेश जायसवाल, महामंत्री रमेश जायसवाल,पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुग्गीलाल जायसवाल, पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अखिलेश जायसवाल, अध्यापक अजय कुमार जायसवाल, पत्रकार रोहित जायसवाल, कमलापति जायसवाल,डॉ. डी एस गुप्ता, रमाशंकर जायसवाल, त्रिवेणी जायसवाल, कैलाश जायसवाल सुरेश जायसवाल, रामचंद्र जायसवाल उर्फ कुड़ी, संजीव जायसवाल, सुभाष जायसवाल, विनय जायसवाल, मंगल प्रसाद, चौकी प्रभारी अजीत सिंह एवं कांस्टेबल सोनू आदि लोग समाज के उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने लाइसेंसी रिवाल्वर से पीड़ित को चुटहिल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात निवासी वकील पुत्र असफाक अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीस मार्च की शाम कस्बा स्थित हनुमान मंदिर के पास उसके ईरिक्शा से आरोपी की बाइक टच हो गयी। इससे नाराज आरोपी मनीपुर निवासी दिनेश त्रिपाठी पुत्र रामेश्वर त्रिपाठी ने रिवाल्वर निकालकर गाली देते हुए रिवाल्वर के बट से उसके सिर पर हमला कर चुटहिल कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। दरोगा दीपक यादव का कहना है कि प्रथम दृष्टया मारपीट व गाली तथा धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में सच्चाई पाये जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान अधेड़ की मौत

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अपने घर पर भोजन करके शनिवार की शाम 9 बजे अपने घर के सामने स्थित सड़क पर टहल रहे अधेड़ को बाइक सवार ने मारी टक्कर लगने के कारण स्वजनों ने अधेड़ को जिला अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख प्रयागराज किया रेफर इलाज के दौरान रविवार की देर शाम समर बहादुर सिंह की मौत हो गई।

आसपुर देवसर गांव निवासी समर बहादुर सिंह उर्फ़ गोपाल सिंह उम्र 65 वर्ष निवासी भीखमपुर अपने घर के सामने स्थित सड़क पर भोजन करके टहल रहे थे कि आसपुर देवसरा की तरफ से आ रहा बाइक सवाल ने समर बहादुर को जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगने के कारण समर बहादुर बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर गए जिससे उनके सर से काफी खून गिरने लगा मौके पर भाग कर परिजन पहुंचे परिजनों ने घायल को तेज प्रताप मेडिकल कॉलेज ले गए जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक देखकर प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया जहां पर घायल का इलाज चल रहा था कि रविवार की देर रात समर बहादुर सिंह की मौत हो गई मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया मृतक के बेटे मुकेश सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

### सड़क हादसे में विवाहिता सहित तीन घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मायके से ससुराल ससुराल जा रही बाइक से पिकअप की टक्कर में महिला समेत तीन घायल घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को अस्पताल भेजा हादसे के बाद पिकअप सवार पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। आसपुर देवसरा के आकारीपुर गांव के मखदूम की बेटी की शादी राजपुरा जनपद सुल्तानपुर में हुई है। शनिवार की सुबह कुसुम अपने भाई दिनेश की बाइक पर बैठकर अपने ससुराल राजपुरा जा रही थी कि घर से कुछ ही दूर जाने के बाद दयालगंज नारंगपुर संपर्क मार्ग पर सती माता के मंदिर के सामने पीछे से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगने के कारण कुसुम 28 वर्ष पत्नी महेश कुमार निवासी राज पूरा जनपद सुल्तानपुर दिनेश कुमार 19 वर्ष कुसुम की मासूम बेटी निधि 3 वर्ष सड़क पर गिर गए हादसे के बाद पिकअप सवार पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया टक्कर लगने के कारण कुसुम की हालत नाजुक बनी हुई है घटना की सूचना ग्रामीणों ने आसपुर देवसरा को दी मौके पर पहुंचे देवसरा पुलिस ने सभी घायलों को सीएससी पट्टी भेजा जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है।

### मारपीट व तोडफोड को लेकर पति पत्नी पर दर्ज हुआ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड तथा धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे नोती गांव की धन्नो देवी पत्नी कर्मवीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश के चलते तीस मार्च को सुबह गांव के आनन्द कुमार व उनकी पत्नी दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करते हुए हमलावर हो उठे।

### आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न व छेडछाड़ का दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दलित महिला के साथ छेडछाड व धमकी की घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खपराही निवासी संगीता पत्नी दिनेश सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर छब्बीस मार्च की शाम करीब चार बजे पूरे शंकर बाबा का पुरवा गांव के सुमन्त तिवारी उर्फ लाला पुत्र रामकृष्ण तिवारी उसे अकेला पाकर छेडछाड करते हुए अश्लील हरकत करने लगा। पीडिता के विरोध करने पर जातिसूचक गाली व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी का कहना है कि मामले मे आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### राष्ट्रीय संयोजक ने गौमाता को राष्ट्र माता बनाने की किया अपील

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मेला ग्राउंड स्थित गौ गठबंधन कार्यालय में सोमवार सुबह हुई प्रेसवार्ता में गौ गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक राजा सक्षम सिंह योगी ने मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में गौ हत्या के महापाप से बचने के लिए गौ गठबंधन में शामिल भाई पार्टी एवं गौ हत्या को पूर्णतः प्रतिबंधित करने की बात लिखित रूप में सशपथ घोषणा करने वाले प्रत्याशियों को ही वोट देने की अपील करी अन्यथा मतदाताओं के माथे गौ हत्या का पाप चढ़ेगा। गौ गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक राजा योगी ने बताया की प्रतापगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशी 3 अप्रैल तक सशपथ गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने एवं गौ हत्या को पूर्णतः प्रतिबंधित करवाने की घोषणा लिखित रूप से करके गौ गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। 4 तारीख को श्री विद्या मठ बनारस में गौ गठबंधन के बैठक में टिकट पर अंतिम मुहर लगेगी। यह बैठक जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में होगी।

# विश्वकर्मा समाज के होली मिलन समारोह में जमकर उड़े अबीर गुलाल

## विश्वकर्मा मंदिर मानिकपुर में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत मानिकपुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद विश्वकर्मा समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान जमकर अबीर गुलाल उड़े। इसके पूर्व अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए समाज की एकजुटता पर बल दिया।

सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा ने कहा कि जिस एकजुटता से इस समारोह का



फोटो 3-विश्वकर्मा समाज का होली मिलन समारोह में मौजूद अतिथिगण


आयोजन किया गया है वह अपने आप में बेमिसाल है। होली का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे का त्यौहार है। उन्होंने कहाकि इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी रिश्ते और मजबूत होते है। कार्यक्रम को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष जुगनू विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त कानूनगो कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त लेखपाल रामलखन विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक श्याम लाल वर्मा, शिक्षक राम विशाल आदि ने संबोधित किया। मंदिर अध्यक्ष राम लखन विश्वकर्मा समेत पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों का फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया। त्रिशूल संकीर्तन पार्टी एवं राम नगर के कलाकारों ने होली गीत समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजक श्यामलाल विश्वकर्मा ने कार्यक्रम में शामिल लोगों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर आचार्य जगदेव प्रसाद, हरिओम शास्त्री, विजय कुमार, बड़कू, छेदीलाल विश्वकर्मा, फूलचंद, हरिश्चंद्र, राम सूरत, सत्येंद्र कुमार प्रदीप विश्वकर्मा बैजनाथ, स्वास्तिक विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा शानू, कुलदीप कुमार विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, सौरभ विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# गर्मी के दृष्टिगत हैण्डपम्पों का रिबोर/मरम्मत कार्य कराने के सीडीओ ने दिए निर्देश

**मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त एडीओ (पंचायत) एवं सचिव के साथ की बैठक, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में समस्त एडीओ (पंचायत) एवं सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी एडीओ (पंचायत) एवं सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारियों से कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय तथा अगर कहीं पर भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो तत्काल अवगत भी कराया जाय। उन्हांने कहा कि मतदान केन्द्रां पर आवश्यक आधारभूत सुविधाओं यथा-पेयजल एवं शौचालय (बालक एवं बालिका) आदि सुनिश्चित किया जाय एवं शौचालयों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की भी व्यवस्था कराने के निर्देश दियें। उन्हांने एडीओ (पंचायत) एवं सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में स्वीप के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को आगामी 20 मई 2024 को मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने गर्मी के दृष्टिगत एडीओ (पंचायत) एवं सचिव ग्राम पंचायत/ ग्राम विकास अधिकारियों से कहा कि हैण्डपम्पों का रिबोर/ मरम्मत का कार्य करा लिया जाय, जिससे कहीं पर भी पेयजल की समस्या न होने पाये। उन्हांने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में पेयजल से सम्बन्धित कन्ट्रोल रूम स्थापित कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय। गर्मी के दृष्टिगत आग लगने की घटनायें होती हैं, इसके लिए आमजन को फायर सेवा की जानकारी के लिए फायर नम्बर दीवालों पर अंकित कराया जाय। उन्हांने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थायें-पानी, गोवंशो के लिए पर्याप्त छाया एवं हरा-चारा की व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गौशालओं के लिए भूसा का भण्डारण (दान से प्राप्त एवं क्रय) किया जाय। बैठक में जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चोर खोलकर भाग गये रातो रात दो भैंस नही लगा सुराग

**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना के लोधउर चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा औधन के मजरा गौहर अली का पूरा गांव के राम नरेश यादव पुत स्व० छेदीलाल की एक भैंस घर के बाहर बांधी हुई थी चोर भैस खोलकर फरार हो गये जिसकी कीमत सत्तर हजार रुपये आंकी गई है और दूसरी तरफ जितेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र महेश प्रसाद की भी एक भैस खोलकर चोर चले गये इसकी अस्सी हजार रुपये कीमत बताया गय है। सीसी टीवी कैमरे मै कैद पिकअप में घटना दिखाई पड़ रही है। आखिर यह पिकअप किसकी है जो रात 12:38 पर गुजरी है अब क्या चौकी पुलिस उस पिकअप गाड़ी की तलास कर भैंस के चोरों को खोजकर भैंस बरामद कर चोरों को जेल भेजेगी या फिर इसी तरह हमेशा की तरह चोर भैस चोरी करने मे सफल रहेगें।

## 3 बकरी व 3 बकरा उठा ले गए चोर

**महगाव कौशांबी** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के कायामुद्दिनपुर गांव में दिनेश पुत्र सुखई के घर में बंधी तीन बकरियां और तीन बकरा को रविवार की आधी रात को चोर उठा ले गए है खोजबीन के बाद बकरी बकरा की कहीं जानकारी नहीं मिल सकी है मामले की सूचना पीड़ित ने थाना पुलिस को दी है।

## न्यूज झरोखा

### कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने गौरव पाण्डेय का चरवा की धरती पर भव्य स्वागत



**कौशाम्बी।** कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी के नवनियुक्त अध्यक्ष बनने के बाद गौरव पाण्डेय ने अपने कुल देवी हिग्लाज देवी का पूजन करने के बाद अपनी माता जी का आशीर्वाद लेकर अपने समर्थकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ चरवा पहुंचने पर चरवा गाँव के लोगो ने जोरदार स्वागत कर अपनी खुशी जाहिर की। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से कौशाम्बी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं चायल से पूर्व प्रत्याशी तलत अजीम व सेवादल से अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला सम्मू जाफरी,पूर्व कांग्रेस छात्र संगठन के अध्यक्ष उदय यादव, यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी मोहम्मद आरिज एनएसयूआई अध्यक्ष अमित द्विवेदी,अब्बान ,प्रदेश महासचिव सोसल मीडिया सचिन पाण्डेय,निक्की पाण्डेय,ज्ञान देव, प्रवीण पाण्डेय, मोहम्मद आरिज,राकेश पाल,गुलजारी केशरवानी नंदलाल केसरवानी रिंकु पासी बड़का रैदास मक्खन यादव,मंजीत यादव, ननका यादव,हर्ष पाण्डेय, अंशुल तिवारी,विक्की तिवारी,सुमित सरोज,अंकित राज,ननका पासी,मृदुल यादव, हरीश सोनी , रतन वर्मा ,देशराज राजपूत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### फरार अभियुक्तों के घर पुलिस ने चस्पा की नोटिस



**महगाव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर चौकी अंतर्गत लोहरा गांव में थाना अध्यक्ष पिपरी की मौजूदगी में मोहम्मद फैज पुत्र महफूज उर्फ. बचऊ व मोहम्मद साउद पुत्र महफूज उर्फ बचऊ के घर पर पुलिस ने नोटिस चस्पा की है न्यायालय व पुलिस के समक्ष उपस्थित न होने के कारण न्यायालय के आदेश पर 82 की नोटिस उनके घर पर चप्पा किया गया है वा गांव में मुनादी कराते हुए पुलिस ने कहा की जिस किसी को यह दिखाई दे 112 नंबर पर कॉल करके सूचना दे वा पकड़ाने पर उनको उचित इनाम दिया जाएगा इस मोके पर कां. धीरज सिंह, धर्मेंद्र कुमार व महिला कां. आकांक्षा व गार्ड बसंत लाल दुबे वा हर्रायपुर चौकी इंचार्ज जयंत गुप्ता हेड का. श्रीमंत यादव, कां. अंकित श्रीवास्तव, कां. नरेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे हैं।

### अवलोकन टीम को दिया जायेगा प्रशिक्षण

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन व्यय के लिए गठित टीम यथा-लेखा टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियों निगरानी टीम,वीडियों अवलोकन टीम को दिनांक 02 अप्रैल 2024 को सायं 04 बजें उदयन सभागार में प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह जानकारी प्रभारी व्यय अनुवीक्षण वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने दी है।

## ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित कार ने दूधिया को मारी टक्कर गंभीर घायल



**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर बाजार के पास जीटी रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दूधिया को जोरदार टक्कर मार दी है जिससे दूधिया गम्भीर घायल हो गया है घायल दूधिया को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा गांव निवासी अनिल कुमार यादव दूध का कारोबार करते हैं सोमवार की सुबह लगभग 10:00 बजे बाद दूध लेकर वह बाइक से वापस घर जा रहे थे जैसे ही अनिल यादव काजीपुर बाजार के पास पहुंचे तेज गति ट्रक चालक ने एक कार को टक्कर मार दिया दुर्घटना के बाद अनियंत्रित हुई कार ने दूधिया की बाइक में टक्कर मार दिया जिससे दूधिया अनिल यादव बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गए है हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार अनिल कुमार यादव को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।ट्रक चालक को मूरतगंज पक्का तलाब के पास से पुलिस ने पकड़ लिया है।

## नाली के पानी के बहाव को बंद कर विवाद उत्पन्न करने में लगी हैं महिलाएं



**सैय्यद सरावा कौशाम्बी।** चरवा थाना के रायभान का पूरा नगर पंचायत चरवा में नाली के पानी के बहाव को बंद कर विवाद उत्पन्न करने में कुछ महिलाएं लगी हैं गांव के पंकज पाण्डेय पुत्र श्रवण कुमार पांडेय का पानी निकासी बीते कई दशक से हो रहा था लेकिन इस जमीन पर अनुसूचित जाति के लोग अपना कब्जा बता कर नाली के पानी को बंद कर दिया है विपक्षी अरुण कुमार उर्फ गुड्डू और उसके घर की महिलाएं नाली के पानी को बंद कर जबरिया विवाद पर उतारू है पंकज पांडे के घर से सदियों से पानी बह रहा है और अपनी जमीन में वह पानी निकाल रहे हैं अरुण कुमार उर्फ गुड्डू वा उनके परिवारीजन ने मिल के नाली में मिट्टी डालकर पानी को बंद कर दिया जिससे पानी का बहना बंद हो गया है उप जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आदेश पर अधिशासी अधिकारी वा थाना अध्यक्ष ने मौका मुआयना करके स्पष्ट कर दिया की जो नाली है उसमें कई बरसों से पानी बह रहा है इसके बावजूद शांतिपूर्ण ढंग से समझौता करने की मांग हुई लेकिन पुनः अरुण कुमार के घर की महिलाएं विवाद करने पर जूझ पड़ी तथा गाली गलौज कर मामले को एससी एसटी एक्ट तक पहुंचाने का काम करने की कोशिश महिलाएं कर रही हैं महिलाओं ने कई बार एससी एसटी एक्ट का हवाला देते हुए माहौल को भड़काने की कोशिश की पीड़ित परिवार का कहना है कि थाना अध्यक्ष के हावभाव से यह समझ में आता है कि मामले को सुलझाने के बजाय वह उलझाने की कोशिश पर लगे हैं वह एक पक्ष को ज्यादा ही मन में रखकर चल रहे हैं।

## 2 महीने बाद भी चोरी की घटना का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

**मनौरी कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार निवासी राकेश की किराना की दुकान में दो महीने पहले लाखो रुपए कीमत का सामान चोर उठा ले गए थे चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में मौजूद है और पीड़ित परिवार ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दिया लेकिन दो महीने बाद लाखो की चोरी की घटना में रत्ती भर थाना पुलिस आगे नहीं बढ़ सकी है जिससे परिवार के लोग परेशान है कई बार पीड़ित परिवार के लोग थाना पुलिस से मिल चुके हैं जाँच के नाम पर कई लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है लेकिन घटना का खुलासा दो महीने बाद भी नहीं हो सका है।

## ककोढा ग्राम में अजगर निकलने से हड़कंप

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के ककोढा ग्राम में राजकीय विद्यालय के सामने सड़क के पार दीवाल के ऊपर लगभग 10 फुट लम्बा अजगर निकलने से हड़कंप गया ग्रामीणों ने डायल 112 व वन विभाग की टीम को सूचना दिया मौके पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर अजगर को पकड़ कर अपने साथ ले गयी और जंगल मे छोड़ दिया है उसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सास ली।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के अझुवा चौकी इंचार्ज ने 01अप्रैल को सोनू सोनकर पुत्र रामबाबू सोनकर निवासी मेडगढवा थाना मानिकपुर जानपद प्रतापगढ़ को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है यह अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के नियत से टहल रहा था मुखबिर से सूचना मिलने के बाद चौकी पुलिस ने उसे चौकी क्षेत्र के लोहन्दा मोड़ से तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया है।

## फरार अभियुक्त को चौकी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी** लंबे समय से अदालत से फरार धारा 75 वा धारा 82 से संबंधित अभियुक्त रजयभान पुत्र रामचरण निवासी धुमाई थाना सैनी को अझुवा चौकी प्रभारी ने 1 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है यह अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था।

## आग लगने से गृहस्थी के समान के साथ दो बकरी जलकर मरीं

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बैशकाटी गांव में सोमवार की दोपहर में अचानक एक घर के छप्पर में आग लगने से घर का सारा सामान जल गया और उसमें दो बकरियों की जलकर मृत्यु हो गई जानकारी के मुताबिक राजकुमारी पत्नी ज्ञानचंद सरोज के घर में आग लगी थी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला आग की लपटे इतनी तेज थी की मोहल्ले के लोग और आसपास के लोगों ने किसी तरह बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

# चंगाई सभा की आड़ मे धर्मपरिवर्तन करा रहे दस लोगो पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**धर्म परिवर्तन कराने में लगे ठिकाने पर छापा मार कर पुलिस ने नौ लोगों को किया गिरफ्तार**

अखंड भारत संदेश




**अझुवा कौशाम्बी।** जिले में लंबे समय से चंगाई सभा की आड़ में बीमारी ठीक करने के बहाने धर्म परिवर्तन का खेल बेखौफ तरीके से चल रहा था जिले के कई थाना क्षेत्र में चंगाई सभा के आड़ में धर्म परिवर्तन का यह खेल बीते कई वर्षो से चल रहा है चंगाई सभा की आड़ में भोले भाली जनता को लालच देकर धर्म परिवर्तन करा रहे लोगो पर सैनी कोतवाली पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू किया है,पुलिस ने रविवार को सैनी कोतवाली इलाके के केसरिया गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना पर छापा मारकर 9 लोगो को गिरफ्तार किया है और मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को अदालत में पेश किया है। सैनी कोतवाल पुलिस ने राहुल कुमार, लव मौर्य, सूरज कुशवाहा, राजेश कुमार, राजा सोनकर, राहुल कुमार, हरिप्रसाद पाल, सतीश मौर्य, सत्यपाल समेत 10 लोगो पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से यीशु की फोटो 13 मच्छरदानी किताब डायरी वा अन्य सामान बरामद किया है आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया है बीमार और गरीबों का ब्रेनवाश कर रुपए का और बीमारी ठीक करने का प्रलोभन देकर यह लोग धर्म परिवर्तन कराते थे।

## चंगाई सभा में गई बालिका रहस्य मय परिस्थितियों में गायब

**महगाव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कासिया पूर्व गांव की एक बालिका 28 मार्च को चंगाई सभा में गई थी लेकिन बालिका चंगाई सभा से वापस घर नहीं लौटी है जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं बालिका जिनके साथ चंगाई सभा में गई थी उनके घर जाकर बालिका की मां ने पूछताछ किया जिस पर बालिका की मां के साथ गाली गलौज और अभद्रता की गई है कई दिन बीत जाने के बाद बालिका का सुराग ना लगने पर बालिका की माँ ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है।

# हेलो किड्स और स्विमिंग पूल का केपीएस भरवारी में हुआ उद्घाटन







**ग्रैंडपेरेंट्स डे : सेलिब्रेशन का हुआ आयोजन**

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज स्कूल में दिनांक 31 मार्च 2024 को 'हेलो किड्स बिल्डिंग' और स्विमिंग पूल का उद्घाटन हुआ साथ ही साथ सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने केपीएस भरवारी में चार चांद लगा दिया इस समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राओं 18 कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर अपने रंगीन प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला, साहित्य, और खेल की कुशलता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना ,गणेश वंदना ,नर्सरी की छात्र-छात्राओं के माध्यम से साला लाला कार्यक्रम की अद्भुत प्रस्तुति, वही कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल और कॉलेज का यह कार्यक्रम दादा दादी नाना नानी के लिए समर्पित था इसी आधार पर बच्चों ने दादी अम्मा दादी अम्मा मान जाओ ,कार्यक्रम करके पूरे महफिल को गमगीन कर दिया और पूरा वातावरण अपने दादा-दादी नाना नानी के प्रति आदर भाव वाला जैसा हो गया वही अगली कड़ी में फोक डांस, तुझ में रब दिखता है ,जय श्री राम एक्ट, वेलकम टू आवर स्कूल एक्ट ,महाभारत जिसमें चीर हरण का बहुत ही मनोहारी प्रस्तुतीकरण किया गया और मदर डांस साथ ही साथ फादर डॉटर डांस ,कलर फैंसी ड्रेस, सोलो डांस और अंत में होली के नृत्य जो की राधा कृष्ण पर आधारित थे, में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे कार्यक्रम में खूब वाहवाही लूटी इस अवसर पर, रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि नई इमारतें और सुविधाओं के उद्घाटन से स्कूल का स्तर और मानचित्र बदल गया है। उन्होंने इस मौके पर स्कूल के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस समारोह की मुख्य अतिथि हृदय कार्णिका रिद्धि सिद्धि और वाइस चेयरपर्सन सपना गुप्ता थीं। इस संध्या में कई कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए समर्थन भी दिया। इस अद्भुत और सम्मोहक सांस्कृतिक संध्या ने स्कूल के परिवार को जोड़ने का एक माधुर्यपूर्ण माहौल सृजित किया और छात्रों को अवसर प्राप्त करने का मौका दिया। इस अवसर पर फाउंडर केपीएस किडजी देव बाबू गुप्ता प्रेमचंद गुप्ता, सुभाष गुप्ता,तानिया गुप्ता,वासु गुप्ता,प्रांशु गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा,नारायण तिवारी, मधुबन पटेल, दीपक खरवार, कोऑर्डिनेटर शशांक श्रीवास्तव,नितेश सिंह सौरभ सिंह, विकास पांडे, विकास मणि, अभिषेक बिश्नोई ,अभिषेक बिश्नोई आदि समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं भरवारी नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।

# लाठी डंडा कुल्हाड़ी सब्बर से दबंगो ने हमला कर चार लोगों को किया लहूलुहान

**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के दलेला गंज गांव में जमीनी विवाद को लेकर सोमवार की सुबह लाठी डंडा कुल्हाड़ी सबर से लैस दबंगों ने एक परिवार के ऊपर हमला बोल दिया दौड़ा दौड़ा कर महिलाओं बच्चों को पीटा गया है इस हमले में चार लोगों को गंभीर चोटें आई है ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 नंबर एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरसवां में भर्ती कराया है जहां हालत गंभीर बताई जाती है जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के दलेलागज निवासी राम लखन के परिवार से शिवकुमार आदि के परिवार का जमीनी विवाद चल रहा है इसी विवाद के चलते सोमवार की सुबह फिर विवाद शुरू हो गया देखते-देखते राम लखन के पांच पुत्र सुभाष बालचंद सतीश कपिल आकाश आदि लोगों ने लाठी डंडा कुल्हाड़ी सब्बर से हमला बोल दिया जो जहां मिला उसे मारने लगे लोगों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया है हमले में चार लोगों को गंभीर चोटें आई है खून से लथपथ लोग जमीन पर गिर पड़े और कराहने लगे इस हमले में अखिलेश कुमार पुत्र शिवचंद्र शिवकुमार वा मिथुन पुत्रगण चंद्रभान राजरानी पत्नी राजकुमार आदि लहूलुहान हो गए हैं हो हल्ला सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर लग गई है मामले की सूचना 108 डायल एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची 108 डायल एंबुलेंस ने चारों घायलों को इलाज के लिए सरसवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है इसके पहले भी जमीन विवाद की सूचना थाना पुलिस को दी जा चुकी है लेकिन जमीनी विवाद का हल नहीं हो सका है समाचार लिखे जाने तक मामले में थाना पुलिस ने समुचित धाराओं में मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

## बिना रजिस्ट्रेशन मानक विहीन चल रहे आदर्श पॉली क्लीनिक को डिप्टी सीएमओ ने किया सीज

**कोखराज कौशाम्बी।** जिले में बिना रजिस्ट्रेशन मानक विहीन चल रहे अस्पतालो और क्लीनिक पर लगातार स्वास्थ्य विभाग सीलिंग की कार्यवाई कर रहा है इसके बावजूद तमाम ऐसे क्लीनिक और अस्पताल आज भी स्वास्थ्य विभाग के ही अधिकारियो और कर्मचारियों की शह पर धड़ल्ले से संचालित हो रहे है। इतना ही नहीं जिन अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग सीज कर रहा है उन अस्पतालों को खोलकर फिर अस्पतालों का संचालन शुरू हो जाता है केवल अस्पताल को सीज करने का नाटक स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। कोखराज थाना के पास चल रहे बिना रजिस्ट्रेशन के आदर्श पॉली क्लिनिक की बार बार शिकायत करने के बाद डिप्टी सीएमओ डाक्टर हिंद प्रकाश मणि अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और जांच के बाद बिना रजिस्ट्रेशन व मानक विहीन चल रहे क्लीनिक को सीज कर दिया और नोटिस चस्पा कर दिया अब यह अस्पताल कितने दिन तक सीज रहेगी या फिर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के जाने के बाद फिर खोलकर संचालित होगा इसके पहले भी कई अस्पताल स्वास्थ्य विभाग ने सीज किए थे लेकिन बिना ठोस कार्यवाही के अस्पताल का संचालन फिर शुरू हो गया है।

# मुकदमा दर्ज करने के बाद बालू माफियाओं की गिरफ्तारी को भूल गई सीबीआई

**सीबीआई जांच रुकवाने के लिए मोटा भाई के नाम पर हुई थी करोड़ों रुपए की वसूली**

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में यमुना नदी से बालू के अवैध खनन किए जाने के बाद सीबीआई जांच शुरू कराई गई थी सीबीआई के अफसरो ने कई बार कौशांबी में डेरा डाला और बालू माफियाओं को तलब करके उनसे गहन पूछताछ की बालू माफियाओ के खिलाफ पर्याप्त सबूत सीबीआई अफसरों ने एकत्रित किया जांच के दौरान कई बालू माफिया पसीना पसीना हो गए सीबीआई जांच में कौशांबी के तत्कालीन जिला अधिकारी समेत कई लोगों पर सीबीआई ने मुकदमा दर्ज किया था कौशांबी जिले के कई बालू माफिया भी अवैध खनन में लिप्त थे मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद सीबीआई जांच रुकवाने और गिरफ्तारी से बचने के लिए मोटा भाई के नाम पर करोड़ों रुपए की वसूली एक माननीय ने की थी माननीय द्वारा मोटा भाई के नाम पर करोड़ों की वसूली के बाद सीबीआई जांच में लगे अफसर कौशांबी का रास्ता भूल गए मुकदमा दर्ज करने के कई वर्षों बाद भी बालू माफियाओं की गिरफ्तारी सीबीआई अफसर नहीं कर सके है जिससे बालू माफिया मौज मस्ती कर रहे हैं। बालू माफिया पर मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद एक बालू माफिया के परिवार के लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई और भाजपा की सदस्यता मिलने के बाद बालू माफिया के परिवार के लोग एक माननीय के आगे पीछे घूमते देखे गए हैं आखिर मोटा भाई के नाम पर करोड़ों की वसूली करने वाले माननीय का चेहरा कब बेनकाब होगा सीबीआई के मुकदमा दर्ज करने के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी समेत कौशांबी के बालू माफियाओं की गिरफ्तारी सीबीआई असफरो द्वारा कब की जाएगी यह तमाम सवाल कानून व्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं आखिर सीबीआई जांच रुकवाने का ठेका लेने वाला यह माननीय कौन है इस बात की चर्चा जन जन की जुबान में है और बताया जाता है कि पिछले एक महीने से यह भाजपा नेता मोटा भाई के कार्यालय के बाहर लगातार चक्कर काट रहा है। सीबीआई जांच में फंसे बालू माफियाओं पर दबाव बनाकर माननीय ने अपने भाई को बालू के खनन में साझेदार बना दिया और 5 वर्षों से लगातार माननीय का भाई बालू के अवैध खनन में लगा है बताया जाता है कि कौशांबी की यमुना नदी के विभिन्न घाट से हजारों करोड़ों की अवैध तरीके से बालू का खनन प्रति वर्ष होता है बालू माफियाओं द्वारा एनजीटी के नियमों को धज्जियां उड़ाते हुए यमुना नदी में अवैध खनन किया जाता है गलत तरीके से बालू का पट्टा लेकर के परिवहन किया जाता है इतना ही नहीं प्रयागराज क्षेत्र के बालू माफियाओं द्वारा प्रयागराज क्षेत्र के यमुना नदी के बालू घाट का पट्टा लेने के बाद भी कौशांबी की धरती में अवैध खनन किया जाता है और पूरे वर्ष बालू के अवैध खनन को प्रशासन रोक नहीं पाती है उक्त माननीय के दबाव में प्रशासनिक अधिकारी भी बालू माफिया और माननीय के भाई पर साढ़े चार वर्ष से कार्यवाही नहीं कर सके हैं सीबीआई जांच के नाम पर वसूली करने वाले माननीय के कारनामे की यदि केंद्र प्रदेश सरकार के साथ पार्टी के शीर्ष नेताओ ने जांच कराई तो चौंकाने वाले चेहरे बेनकाब होंगे और बालू माफियाओं की गिरफ्तारी होना तय है लेकिन क्या मोटा भाई के नाम पर वसूली करने वाला यह माननीय बेनकाब हो पाएगा।

## संपादक की कलम से

### बेटियों को भी मिले उचित सम्मान

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियाँ अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।

## जूनून सिनेमा से ज्यादा फिल्मों में मौजूद

@राकेश अचल

भारत में जुनूनी लोगों की कमीं नहीं है । सियासत में ही नहीं बल्कि समाज के हर क्षेत्र में जुनूनी लोग भरे पड़े हैं,लेकिन उनकी चर्चा नहीं होती। आज मै आपसे सियासत के नहीं बल्कि क्षेत्रीय सिनेमा के एक जुनूनी अभिनेता की बात कर रहा हूँ ,जिन्होंने एक मलयाली उपन्यास ' आडुजीवितम' पर आधारित एक कहानी पर बेहद कठिन फिल्म बनाई है 'द गोट लाइफ' ।

सच्ची कहानी पर आधारित मलयालम सर्वाइवल एडवेंचर फिल्म 'द गोट लाइफ: आडुजीवितम' बनाने वाले सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ अमला पॉल जैसे सितार भी हैं। इस फिल्म को संगीत दिया है एआर रहमान ने। पांच भाषाओं हिंदी, मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में बनी इस फिल्म को 28 मार्च को रिलीज किया गया इस फिल्म की शूटिंग के लिए 20 ऊंट और 250 भेड़ों का इंतजाम सऊदी अरब से किया गया था । फिल्म की शूटिंग को अल्जीरिया और जॉर्डन में की गयी । ये फिल्म यदि भारत के ही किसी रेगिस्तानी इलाके में शूट की जाती तो मुमकिन था कि ऊंटों और भेड़ों की अनेक रेवडें आसानी से हासिल हो जातीं ,लेकिन जो दृश्य निमार्ता-निर्देशक के दिमाग में थे वे शायद यहां न मिल पाते।

मै हिंदी फिल्मों के मुकाबले मलयाली की हिंदी में डब की गयी फिल्में जायदा देखना पसंद करता हूँ, क्योंकि मलयाली फिल्में जीवन के सरोकारों के ज्यादा नजदीक और प्रभावी होती हैं। 'आडुजीवितम' भी इसी तरह की एक फिल्म है । ये फिल्म 'आडुजीवितम' के नजीब पृथ्वीराज के फिल्मी जूनून की लगभग 16 वर्षों की यात्रा है। इस लम्बे समय में भारत में तीन निजाम बदल जाते है। फिल्म के निर्देशक ब्लेसी 2008 में पृथ्वीराज से मिले थे। उन्होंने पृथ्वीराज को नजीब की भूमिका निभाने का प्रस्ताव दिया था। . 2009 में इस फिल्म को करने का निर्णय लेने के बाद इसकी शूटिंग शुरू होने में दस साल लग गए क्योंकि तब मलयालम सिनेमा में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। कहानी तीन या चार साल से रेगिस्तान में फंसे एक आदमी के जीवन के बारे में है।

बताया जाता है कि फिल्म की शुरूआत में पृथ्वी का वजन बहुत बढ़ गया। केरल में शूटिंग पूरी करने के बाद, सात या आठ महीने के लिए शूटिंग बंद कर दी गई। 2020 में पूरी यूनिट शूटिंग के लिए जॉर्डन गयी , लेकिन शूटिंग के कुछ ही दिन बाद पूरी टीम वहीं फंस गई और कोरोना के कारण तीन महीने तक शूटिंग नहीं कर पाई। उसके बाद दो साल बाद शूटिंग कि इजाजत मिली फिल्म के बड़े हिस्से की शूटिंग अल्जीरिया, सहारा रेगिस्तान में की गयी। 2022 से फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन काम में डेढ़ साल लग गए। 2008 में जब पृथ्वी ने इस फिल्म के लिए सहमति दी थी तब उनकी शादी नहीं हुई थी और उस समय उनके पास निमार्ता या वितरक के रूप में इस क्षेत्र का कोई भी चर्चित चेहरा नहीं था।

संक्षेप में कहानी है केरल के मोहम्मद नजीब (पृथ्वीराज सुकुमारन), उसकी पत्नी सैनु (अमला पॉल) और उसकी मां (शोभा मोहन) की। पांच क्लास तक पढ़ा नजीब अपने अपरिवार का गुजारा करने के लिए रेत की मजदूरी करता है, मगर परिवार और अपने आने वाले बच्चे को बेहतर जिंदगी देने के लिए वह खाड़ी देश जाकर पैसे कमाने की सोचता है। टिकट और वीजा का इंतजाम करने के लिए वह अपना घर गिरवी रख देता है। वह सऊदी अरब पहुंच तो जाता है, मगर खुद को रेगिस्तान के बीच भेड़ और ऊंटों की देखभाल करने वाले एक गुलाम के रूप में पाता है। असल में वह एयरपोर्ट पर गलत प्रायोजक के साथ चला गया था, जिसके फलस्वरूप अब वो चरवाहे के रूप में एक गुलाम है। नजीब के साथ उसका दोस्त हाकिम (केआर गोकुल) भी है। बस वहीं से उसके जीवन की भयानक दास्तान की शुरू होती है।

आपको बता दूँ कि कुल बयालीस [ 42 ] साल के पृथ्वीराज सुकुमारन सचमुच सुकुमार ही हैं। उन्होंने 2002 में मलयालम फिल्म नंदनम से अपने फिल्म कैरियर की शुरूआत की और तबसे अब तक उन्होंने 50 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है, जिनमें उल्लेखनीय हैं नंदनम (2002), स्वप्नाकूडु (2003), अनंथभद्रम (2005), वास्थवम (2006), क्लासमेट्स (2006), थलाप्पावु (2008), थिराककथा (2008), पुथिया मुखम (2009) और पोक्किरी राजा (2010)। पृथ्वीराज की उल्लेखनीय तमिल फिल्मों में काना कंडाएन (2005), पारिजाथम (2006), मोझी (2007), निनैथाले इन्निक्कम (2009) और रावणन (2010) शामिल हैं। पुलिस पुलिस (2010) और विलेन (2010) के जरिये तेलुगु फिल्मों में भी उनकी मौजूदगी को महसूस किया गया।पृथ्वीराज सुकुमारन की इस फिल्म को देखकर इसे वर्षों तक याद रखेंगे। फिल्म का हर पहलू सराहनीय है और आशवस्त करता है । काश कि सिनेमा जैसा धैर्य हमारी देश की सियासत में भी होता।

# ये कैसा नारी शक्ति वंदन है बाबा ?

@ राकेश अचल

मुझे गोस्वामी तुलसीदास जी की इस उक्ति में कोई संदेह नहीं है कि -'नहिं कोउ अस जनमा जग माहीं, प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं'। लेकिन मुझे इस बात से हैरानी है कि प्रभुता की पराकाष्ठा इतनी भी हो सकती है जितनी कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी में आ गयी है। मै प्राय : मोदी जी ही क्या किसी भी नेता के व्यक्तिगत आचरण पर टीका-टिप्पणी नहीं करता, लेकिन बात जब सार्वजनिक जीवन की हो तो मुझसे रहा भी नहीं जाता।



बीते रोज पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को 'भारतरत्न' अलंकरण देने के लिए आयोजित समारोह में हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने जिस तरह से माननीय राष्ट्रपति जी की लोक अवमानना की है उसे देखकर मेरा मन विदीर्ण हो गया। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी आडवाणी जी को भारतरत्न अलंकरण देने के लिए खड़ी हुईं किन्तु माननीय प्रधानमंत्री जी अपने आसन पर बैठे रहे। कहने को ये रेखांकित करने लायक बात नहीं है और कहने को ये एक गंभीर मामला है।

मुझे याद नहीं आता कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने महामहिम राष्ट्रपति जी को सम्मान देने का कोई अवसर दिया हो। हाँ महामहिम के अपमान के अनेक अवसर देश ने जरूर देखे हैं। नए संसद भवन के भूमिपूजन और लोकार्पण से लेकर राम मंदिर के उद्घाटन तक में माननीय का ही एकाधिकार रहा। उन्होंने किसी भी महत्वपूर्ण कार्य के लिए महामहिम राष्ट्रपति को महत्व नहीं दिया। वे संप्रभु हैं, स्वयंभू हैं। कुछ भी कर सकते हैं। वे जो चाहते हैं सो कर भी रहे हैं, लेकिन उन्हें रोका जाना चाहिए।

मुझे अपने पत्रकारिता के आधा दशक के जीवन में ऐसा देखने में कभी नहीं आया कि कोई प्रधानमंत्री जब भी कभी विदेश यात्रा पर गया हो तब जाने से पहले और आने के बाद महामहिम राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट करने नहीं गया हो ! तानाशाह मानी जा चुकी देश कोई प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी तक ने ये परिपाटी नहीं तोड़ी। शायद किसी प्रधानमंत्री ने इस परिपाटी को ठुकराया नहीं, किन्तु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी ने इस परिपाटी को समाप्त कर दिया। शयद वे इसे ही नारीशक्ति वंदना मानते हैं। वे अपने दस साल के कार्यकाल में कितनी बार राष्ट्रपति जी से सौजन्य भेंट करने राष्ट्रपति भवन गए ये पता किया जाना चाहिए।

राष्ट्रपति को 'रबर स्टाम्प' कहा जाता था, लेकिन मै पहली बार ऐसा होते देख भी रहा हूँ। राष्ट्रपति तब भी प्रधानमंत्री के आगे हाथ जोड़कर खड़ी होती हैं जब उन्हें खड़े नहीं होना चाहिए और तब भी खड़ी होतीं हैं जब कि ऐसा सामान्य शिष्टाचार में आता हो। राष्ट्रपति के मान-अपमान को पूरी दुनिया देखती है। देश की जनता तो देखती ही है। भाजपा अक्सर आरोप लगाती थी कि कांग्रेस ने तो इंदिरा गाँधी के लिए रसोई पकाने वाली एक महिला को राष्ट्रपति बना दिया था, लेकिन भाजपाजन खुद भूल जाते हैं कि उनके प्रधानमंत्री जी ने तो एक आदिवासी समाज की महिला को राष्ट्रपति बनाकर उसका जितना सर्वजनिक अपमान किया है उतना तो एक रसोई बनाने वाले से राष्ट्र्पति बनी महिला का भी नहीं किया गया।

ये अच्छी बात है कि हमारी राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रोपदी मुर्मू एक सुलक्षणा महिला हैं। वे अपने आपको मान-अपमान से परे रखतीं हैं और सरकार जहाँ चाहती है वहां जातीं हैं और जहां नहीं चाहती वहां नहीं जातीं। उन्हें लालजी के घर भी ले जाना जरूरी नहीं था। लालकृष्ण आडवाणी जी की दशा स्वर्गीय हो चुके अटल बिहारी बाजपेयी जैसी अशक्त न थी। लालकृष्ण आडवाणी जी को राष्ट्रपति भवन ले जाया जा सकता था, लेकिन नहीं ले जाया गया। राष्ट्रपति जी को आडवाणी के भवन तक ले जाया गया। चलिए मान लेते हैं कि लालकृष्ण आडवाणी जी शलाका पुरुष होने को हैं इसलिए उन्हें ये सम्मान दिया गय। किन्तु राष्ट्रपति ने क्या बिगाड़ा था जो उनके सम्मान में माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक पल के लिए भी खड़े होना गवारा नहीं किया ? उस खास पल में भी जबकि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारतरत्न अलंकरण सौंपा जा रहा था। ये लालकृष्ण आडवाणी जी का भी अपमान हुआ और राष्ट्रपति जी का।

गनीमत है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस और राजद ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। भाजपा में तो अब कोई ऐसा बचा नहीं है जो माननीय प्रधानमंत्री जी को उनकी गलती बता सके। कांग्रेस ने इस घटना की निंदा की है। कांग्रेस के जयराम रमेश ने तस्वीरों के साथ अपने पोस्ट में कहा कि हमारे राष्ट्रपति का अपमान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निश्चित रूप से खड़ा होना चाहिए था। वहीं रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली में बोलते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी राष्ट्रपति के सम्मान में भी खड़े नहीं हुए और आरोप लगाया कि भाजपा को संविधान में कोई विश्वास नहीं है।

राष्ट्रपति के मान-सम्मान को लेकर राजनीति नहीं की जा सकती, किन्तु जब असम्मान और अवमानना कि बात हो तो किसी को भी मौन नहीं रहना चाहिए। ये विषय वैसे भी राजनीति का नहीं है। ये विषय समूची नारी जाती और देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति का है। और उस राष्ट्रपति का है जिसका कि सरकार से कभी कोई टकराव हुआ ही नहीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने कार्यकाल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ ज्ञानी जेल सिंह की तरह कभी सरकार के कान नहीं खींचे। मौजूदा राष्ट्रपति तो गाय हैं गाय। इस मामले में मै भी सिर्फ इतना कहूंगा कि माननीय प्रधानमंत्री जब तक देश की राजनीति में हैं तब तक एक नेता बने रहें, भगवान बनने की कुचेष्टा न करें तो ये देश पर और लोकतंत्र पर भी उपकार होगा।

## इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली के बेसूरे स्वर

दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओं महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली से उपजे विचारों ने किन्हीं पवित्र उद्देश्यों के बजाय सत्ता हासिल करने की लालसा को ही उजागर किया, यह निराश करने वाली रैली किसी बड़े बदलाव की वाहक बनती हुई नजर नहीं आयी।





इस रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खींच ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। यह समझना कठिन है कि कोई दल लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करता है तो उससे लोकतंत्र और संविधान कैसे खत्म हो जाएगा। आम जनता के मतों से जीत हासिल करने वाला दल किस तरह से लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाला हो सकता है। विपक्षी एकता का यह महाकुंभ मोदी को कोसने की बजाय किन्हीं ठोस मुद्दों के सहारे कोई प्रभावशाली विमर्श खड़ा करने की कोशिश करता तो वह आम जनता को आकर्षित करता और यही स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक होता। लेकिन ऐसा न होना समूचे देश के विपक्षी दलों की नाकामी, उद्देश्यहीनता एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का द्योतक हैं।

इस रैली में अनेक मुद्दे उठे, जिनमें प्रमुख रहा केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरुपयोग और राजनीतिक भ्रष्टाचार। प्रियंका गांधी ने इस रैली में सरकार के सामने पाँच माँगें रखीं। इनमें प्रमुख दो हैं जिनमें चुनाव आयोग से माँग की गई है कि विपक्षी नेताओं पर छापों की कार्रवाई रोकी जाए। दूसरी और महत्वपूर्ण माँग ये है कि गिरफ्तार हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। इस रिहाई की माँग के पीछे कांग्रेस का उद्देश्य बचे-खुचे संगठनों या पार्टियों को इंडिया गठबंधन से जोड़े रखना है। नीतीश कुमार और ममता बेनर्जी जैसे मजबूत खम्भे पहले ही उखड़ चुके हैं इसलिए जो कुछ बचा है उसे कांग्रेस समेटे रखना चाहती है, यही उसकी विवशता है। वैसे, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी इस रैली दिखी। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफ केंद्रित है। जबकि इस रैली का मकसद आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया। यहां आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच के अन्तर्विरोध को सहज ही समझा जा सकता है।

यह रैली भले ही अठाइस दलों का जमावड़ा बनी, इसे विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रदर्शन भी कहा गया है। लेकिन जबसे इंडिया गठबंधन बना है, तब से उसमें टूट एवं बिखराव के स्वर सुनाई दे रहे हैं। विचारभेद के साथ मनभेद भी सामने आये हैं। महाराष्ट्र से लेकर बिहार तक तमाम राज्यों में टिकट बंटवारे के सवाल पर इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की आपसी खटपट की खबरें भी आ रही थीं। भले ही ये विवाद गिनी-चुनी सीटों को लेकर थे, लेकिन संदेश स्पष्ट था कि चुनाव सिर पर आने के बाद भी इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एकजुट नहीं हो पा रहे। रामलीला मैदान की रैली के जरिए इन दलों ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि मोदी विरोध एवं भाजपा को सत्ता से दूर करने के मुद्दों पर वे एक स्वर में बोल सकते हैं और लगातार बोलते भी रहे हैं, फिर उसके लिये इस महारैली की क्या जरूरत? निश्चित ही एकजुटता के ये स्वर बेसूरे, असहज एवं बनावटी है, इंडिया गठबंधन के राजनैतिक क्षितिज पर जो वरिष्ठ राजनेता हैं उनकी आवाज व किरदार भारतीय जीवन को प्रभावित नहीं कर रहा है। इंडिया गठबंधन से जुडे. दलों की केन्द्र एवं प्रांतों की सरकारों के शासन-काल में तो अपराध, भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, आतंकवाद, प्रांतवाद, जातिवाद की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगलता रहा है। सब अपनी जातियों और ग्रुपों को मजबूत करते रहे हैं-- देश को नहीं। प्रथम पंक्ति का नेता ही नहीं है जिसे मोदी के मुकाबले में खड़ा किया जा सके। भारत के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी।

दो तरह के नेता होते हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो आज भी वे भारत को विकास की नई ऊंचाइयां दे सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इंडिया गठबंधन की चोटी से लेकर प्रांत स्तर पर, समाज स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। यह सोच का दिवालियापन ही है कि दिखते हुए भ्रष्टाचार के बावजूद उसका विरोध नहीं करके, ऐसे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिये लोकतंत्र बचाओ रैली का आयोजन हो रहे हैं। राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कड़वी सच्चाई है, लेकिन वह भी उतना सच है कि इस मामले में कोई भी दल दूध का धुला नहीं है। राजनीति के हमाम में सब नंगे हैं। विपक्षी दल कुछ भी दावा करें, सच्चाई यह है कि राजनीतिक भ्रष्टाचार की समस्या का समाधान उनके पास भी नहीं है। राजनीति में काले धन का इस्तेमाल होता रहा है और कोई भी यह दावे के साथ कहने की स्थिति में नहीं कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। जो विपक्षी नेता भ्रष्टाचार के आरोप में केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना कर रहे हैं अथवा उन्हें जेल जाना पड़ा है, उनके बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने कहीं कुछ गलत नहीं किया। प्रधानमंत्री ने मेरठ में चुनावी महासंग्राम की शुरूआत करते हुए कहा कि अगर विपक्षी नेता पाक-साफ हैं तो सुप्रीम कोर्ट उन्हें छोड़ क्यों नहीं रहा है? कुछ तो गड़बड़ होगी ही। कुल मिलाकर बयानों का तीखापन यहाँ-वहाँ आने लगा है। लोकसभा चुनाव के प्रचार में धार आ गई है। यह धार दिन ब दिन और पैनी होती जाएगी।

भारत के केनवास पर शांति, प्रेम, ईमानदारी, विकास और सह-अस्तित्व के रंगों की जरूरत है, पर आज इंडिया गठबंधन इन रंगों को भरने की पात्रता खोकर नायकविहीन है। रंगमंच पर नायक अभिनय करता है, राजनीतिक मंच पर नायक के चरित्र को जीना पड़ता है, कथनी-करनी में समानता, दृढ़ मनोबल, इच्छा शक्ति और संयमशीलता के साथ। लेकिन भारतीय लोकतंत्र की यह एक बड़ी विडम्बना है कि यहां विपक्षी दलों में नायक कम, खलनायक अधिक है। तभी एक मोदी अठाइस दलों के नेताओं पर भारी पड़ रहा है। देखना यह है कि विपक्षी दलों ने राजनीतिक भ्रष्टाचार का मामला उठाकर मोदी सरकार को घेरने की जो कोशिश की, उससे देश की जनता कितनी प्रभावित होगी और इसकी आवश्यकता महसूस करेगी या नहीं कि इस गठबंधन को सत्ता में लाना आवश्यक है। विपक्षी दलों ने जो मुद्दे उठाये, वे प्रभाव पैदा नहीं कर पाये। चुनावी बांड का ही मुद्दा ले, इसमें संदेह नहीं कि चुनावी बांड से दिए जाने वाले चंदे का जो विवरण सामने आया है, उससे अनेक गंभीर सवाल खड़े हुए हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जिन कंपनियों का नाम लेकर यह कहा जा रहा है कि मोदी सरकार ने उन पर अनुचित दबाव डालकर चंदा हासिल किया, उनमें से अनेक ने विपक्षी दलों को भी अच्छा-खासा चंदा दिया है।

**प्रेषक:**
(ललित गर्ग)
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

## तीन बुलाए तेरह आवैं....

**ऋषभदेव शर्मा**

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा हाल ही में जारी भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 भारत के रोजगार परिदृश्य, खासकर युवाओं के संबंध में एक बेहद चिंताजनक तस्वीर पेश करती है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की बेरोजगार आबादी में 83 प्रतिशत युवा शामिल हैं। मतलब साफ है कि बढ़ते बेरोजगारी संकट को दूर करने के लिए तत्काल मजबूत नीतिगत हस्तक्षेप जरूरी है। क्योंकि इतनी भारी बेरोजगारी न केवल देश की आर्थिक सेहत के लिए खतरनाक है, बल्कि इससे लाखों शिक्षित युवा भारतीयों की आकांक्षाएँ और आजीविका भी खतरे में पड़ती हैं।

गौरतलब है कि रिपोर्ट में उन बहुमुखी चुनौतियों को भी उजागर किया गया है जो भारत की बेरोजगारी की समस्या में योगदान करती हैं। सुस्त आर्थिक विकास, अपर्याप्त रोजगार सृजन और बढ़ते कौशल अंतर जैसे कारकों ने नौकरी चाहने वालों की दुर्दशा को बढ़ा दिया है - खासकर शिक्षित युवा आबादी के बीच। आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए सरकार के ठोस प्रयासों के बावजूद श्रम बाजार में आपूर्ति और माँग के बीच लगातार सामंजस्य का अभाव एक समावेशी और सतत विकास के लिए बड़ी बाधा है।

रिपोर्ट की प्रमुख बातों में से एक यह है कि भारत के लिए रोजगार-गहन विकास रणनीतियों को अपनाना और उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों के निर्माण को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। इसमें उद्यमशीलता के लिए एक सक्षम वातावरण को बढ़ावा देना और लक्षित कौशल विकास पहलों के माध्यम से कार्यबल की रोजगार क्षमता को बढ़ाना शामिल हैं। रोजगार सृजन और गुणवत्तापूर्ण रोजगार को प्राथमिकता देकर, भारत आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति के चालक के रूप में अपनी बढ़ती युवा आबादी की क्षमता का उपयोग कर सकता है।

भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 पर भारत सरकार और विपक्ष दोनों की ओर से प्रतिक्रियाएँ आईं, जो बेरोजगारी की स्थिति की गंभीरता और इसे संबोधित करने के लिए समेकित कार्रवाई की जरूरत को दर्शाती हैं।

भारत सरकार ने रिपोर्ट के निष्कर्षों को स्वीकार किया है और समावेशी विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नीतिगत उपायों और कार्यक्रमों के संयोजन के माध्यम से बेरोजगारी की चुनौती को संबोधित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। रिपोर्ट के जवाब में, प्रमुख सरकारी अधिकारियों ने समग्र रणनीतियों की जरूरत पर जोर दिया है जो उत्पादकता बढ़ाने, नवाचार को बढ़ावा देने और समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से युवाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार ने व्यापार करने में आसानी में सुधार लाने, निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन और आर्थिक लचीलेपन को बढ़ावा देने के लिए अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से सुधारों में तेजी लाने के अपने संकल्प की पुष्टि की है। (कुछ ऐसी आवाजें भी सुनाई देना स्वाभाविक है जो यह सुझाएँ कि रिपोर्ट के निष्कर्ष विश्वसनीय नहीं हैं। लेकिन ये आवाजें शायद बिल्ली को देखकर कबूतर के आँख मींचने की तरह बेमानी हों!)

दूसरी ओर विपक्षी दलों ने भारत सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना करने और बेरोजगारी संकट को प्रभावी ढंग से संबोधित करने में सरकार की विफलता के रूप में इसे उजागर करने के लिए रिपोर्ट के निष्कर्षों को हाथोंहाथ हथिया लिया है। विपक्षी नेताओं ने रोजगार सृजन पर सरकार की बयानबाजी और देश भर में लाखों बेरोजगार युवाओं के सामने आने वाली जमीनी हकीकत के बीच बढ़ते अंतर की ओर इशारा किया है। उन्होंने सामाजिक कल्याण उपायों, श्रम अधिकारों और संसाधनों के समान वितरण पर अधिक जोर देने के साथ आर्थिक नीति निर्माण के लिए अधिक सक्रिय और समावेशी दृष्टिकोण का आह्वान किया है।

अंततः यह देखना रोचक होगा कि राष्ट्रीय स्तर पर बेरोजगारी की यह भयावह तस्वीर इस समय जारी चुनावी माहौल में मतदाता को प्रभावित करने वाला ठोस मुद्दा बन पाएगी या गारंटियों के चौतरफा तूफान में उड़ जाएगी! वैसे ह्यशिक्षित बेरोजगारीह्न शायद भारत की ह्यशाश्वतह्न समस्या है! 19 वीं सदी में भी थी और आज भी है-

तीन बुलाए तेरह आवैं, निज निज बिपता रोइ सुनावैं!
आँखौ फूटे भरा न पेट, क्यों सखि सज्जन नहिं ग्रैजुएट!! (भारतेंदु हरिश्चंद्र)*

# चुनाव का पर्व, देश का गर्व- लोगो लगवायें: डीएम

## डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को स्वीप के तहत प्रचार-प्रसार कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि जिले में पचास फीसदी से मतदान जहां कम हुआ है, वहां घर-घर जाकर स्टीकर लगाने का अभियान जारी है। महामती प्राणनाथ महाविद्यालय के नोडल प्रभारी को निर्देश दिये कि प्रतिदिन दो महाविद्यालय में प्रचार-प्रसार करायें। जो बच्चे अच्छा कार्य करेंगे, उन्हें पुरस्कृत करेंगे। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांग अधिकारी को निर्देश दिये कि जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि तिथि वार प्रचार-प्रसार निर्धारित करें। बाल विकास परियोजना अधिकारी व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सीएचसी, पीएचसी के आसपास बैनर लगाकर चरणबद्ध कार्यक्रम करायें। महिलाओं को भी प्रेरित करें, वोट जरूर दें। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिये कि युवा मतदाता जागरूकता को मैराथन दौड़ से जागरूक करायें। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि किसानों को मतदान को प्रेरित करें। मतदान जागरूकता को संकल्प व स्टीकर दिलाकर हस्ताक्षर करायें। सभी विभागों को जो ट्विटर हैंडल है, लोकतंत्र का बूथ वोट करेगा चित्रकूट आदि ट्वीट करें। फेसबुक व इंस्टाग्राम से भी फॉलो करायें। डीएम ने डीएसओ को निर्देश दिये कि पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी पर बड़ा बैनर, गैस गाड़ियों में भी बैनर लगायें। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि सभी ब्रांचो व एटीएम पर बैनर लगवायें। जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि विद्यालय में रंगोली 20 मई को करायें। साइकिल रैली से मतदाताओं को मतदान को प्रेरित करें। यातायात नोडल प्रभारी से कहा कि बस के पीछे व ऑटो पर स्टीकर लगवायें। स्कूलों में बच्चों को बतायें कि वोट करना क्यों जरूरी है। मतदाता पर्ची लो पोलिंग बूथ में सभी को मिले। डीपीआरओ को निर्देश दिये कि सभी सरकारी गाड़ियों पर जिंगल लोगो लगवायें। सभी विभागाध्यक्ष अपनी सीट के पीछे दिवार पर चुनाव पर्व, देश का गर्व लोगो स्टीकर लगवायें। लोकतंत्र का बनेगा बूथ वोट करेगा चित्रकूट लोगो प्रिंट करायें। 2024 में 70 फीसदी मतदान होना चाहिए। बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लें। कोई समस्या हो तो बतायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एएसडीएम आलोक सिंह, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, डीपीओ पीड़ी विश्वकर्मा समेत स्वीप नोडल प्रभारी मौजूद रहे।



निर्देश देते डीएम।

# 30 तक चलेगा संचारी रोग-दस्तक अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का शुभारम्भ सीडीओ अमृतपाल कौर ने किया। संचारी रोग से रोकथाम व बचाव को शपथ दिलाई। स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई कर्मियों, सफाई वाहनों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विशेष संचारी रोग व दस्तक अभियान का पहला चरण जिले में एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा।

सोमवार को सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि अभियान में विभिन्न विभाग तालमेल से विभिन्न गतिविधियां झाड़ियां की कटाई, नालियों की सफाई, कीटनाशक दवाओ का छिड़काव, जनजागरूकता करेंगे। सभी विभागों के तालमेल से शासन की गाइड लाइन के निर्देश अनुसार अपने-अपने कार्य व दायित्व संभालेंगे। दस्तक अभियान दस से 30 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में आशा, आंगनवाड़ी घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, क्षयरोग के लक्षण वाले व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों की जानकारी एकत्र करेंगे। दस्तक अभियान में घर-घर भ्रमण दौरान आशा घर के प्रत्येक सदस्य की आभा आईडी बनायेगी। समारोह में सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसीएमओ डॉ गंगाराम रतमेले, सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक ज्योति सिंह, प्रगति चंदेल, जयशंकर गुप्ता, जिला मलेरिया कार्यालय टीम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया, सहयोगी संस्था यूनिसेफ से दिलीप द्विवेदी, डब्लूएचओ प्रतिनिधि समेत कर्मचारी मौजूद रहे।




वाहनों को हरी झंडी दिखाती सीडीओ।

# घर के बाहर बैठी तीन महिलाओं पर चढ़ी कार, एक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** घर के दरवाजे बैठी तीन महिलाओं पर चार पहिया वाहन चढ़ गया। एक महिला की मौके पर मौत हो गई, दो को इलाज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

ये हादसा रविवार की रात नगर पालिका क्षेत्र खोही में हुआ। बताया गया कि तीनों महिला एक ही परिवार की थी। गाड़ी भी महिलाओं के पड़ोस की थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। परिक्रमा मार्ग खोही में देर रात घर का काम करने के बाद तीन देवरानी-जेठानी दरवाजे पर बैठी थीं। चैराहे की ओर से चार पहिया वाहन ने उन्हें कुचल दिया। पार्वती केसरवानी पत्नी कैलाश की मौके पर मौत हो गई। खुशबू व निर्मल घायल हो गईं। परिजनों ने सीएचसी सीतापुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।



पीएम हाउस में बैठे परिजन।

# भाजपा-सपा की बढ़ी सरगर्मी- बसपा की बढ़ी बेचैनी

## खेल में जुटे बसपा के जिम्मेदार, भितरघातियों के तीरों से छलनी होंगे आरके पटेल?

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव 2024 की आयोग से अधिसूचना जारी होते ही भाजपा-सपा में खासी सरगर्मी बढ़ने के साथ बसपा में बेचैनी बढ़ी है। बसपा के हाल देखकर लोग व्यंग करने लगे हैं कि लोस चुनाव बाद प्रत्याशी घोषित होगा क्या।

लोकसभा चुनाव 2024 को जितनी गम्भीरता से सपा व भाजपा के लोग ले रहे हैं, उतनी गम्भीरता बसपा में देखने को नहीं मिल रही। भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल की सरगर्मी कुछ ज्यादा ही देखने को मिल रही है। वे प्रत्याशी घोषित होते ही बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के तकरीबन सभी गांवों-पुरवों व मजरों का भ्रमण कर मतदाताओं से भेंट कर रहे हैं। लोस चुनाव अधिसूचना जारी होते ही भाजपा ने बूथ-सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन कर चुनाव की सरगर्मी बढ़ा दी है। सपा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल ने भी प्रत्याशिता घोषित होते ही संसदीय क्षेत्र के सभी गांवों-पुरवों-मजरों तक मतदाताओं के बीच पहुंचकर अपनी हाजिरी दर्ज कराने को बेताब हैं। सपा भी बूथ-सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन कर चुनाव को रंगत दे रही है।

भजपा-सपा की लोस चुनाव में की जा रही जोरआजमाइश का बसपा में कोई असर नहीं दिख रहा। अलबत्ता भाजपा प्रत्याशी घोषित होते ही प्रत्याशी में बेचैनी का आलम अवश्य देखने को मिल रहा है। भाजपाइयों में इस लोस चुनाव में इस बात का गुमान देखने को मिल रहा है कि प्रत्याशी घोषित होते ही उनका चुनाव परवान चढ़ने लगा है। उन्हें इस बात की फिक्र है कि संसदीय क्षेत्र के सभी मतदाताओं तक पहुंच सकें। वे इसी बात पर मशगूल हैं कि इस बार भाजपा व कार्यकर्ता हवा-हवाई हैं- मोदी का टैम्पो हाई है। ऐसे में चुनावी माहौल गरमाने की बजाय, उनका मानना है कि इस बार के चुनाव में सीधे मतदाताओं की अन्य दलों से टक्कर है- भाजपा की नहीं। जिला स्तरीय ढांचे के जिम्मेदार भी इस बार लम्बे खेल में लगे दिख रहे हैं। ऐसे में भाजपा से प्रत्याशी घोषित होते ही उनका विरोध शुरु हो गया था। भाजपा नीति-नियंताओं ने इस बात को गम्भीरता से नहीं लिया। ऐसे में चुनाव दौरान संगठन में होने वाली खींचतान व भितरघात का प्रत्याशी को तीखा सामना करना पड़ेगा। बसपा के हाल संसदीय क्षेत्र में सबसे निराले हैं। चित्रकूट जिले में जहां बसपा ढांचे का पूरा शीराजा बिखरा हुआ है, वहीं बसपाई भी विभिन्न गुटों में बंटे नजर आ रहे हैं। ऐसे में बसपा ढांचे के मौजूदा जिम्मेदारों को सिर्फ एक ही चिन्ता सताये है कि उनके मुआफिक प्रत्याशी घोषित हो जाये। बसपा से प्रत्याशी को कोई फंड न मिलने से बसपा में प्रत्याशी बनने की लम्बी लाइन नहीं है। इस लाइन में खड़े ज्यादातर लोगों की मंशा लोस चुनाव में जीत की कतई नहीं है। कुछ ये मंशा पाले हैं कि टिकट मिलने पर पार्टी फंड की धनराशि से उनका काम तमाम हो जायेगा। बसपा में फिलहाल निष्ठावान कार्यकर्ताओं की खासी फजीहत करने को भी बसपाई ही तुले हैं। बसपाई खुद व्यंगात्मक लहजे में कहने लगे हैं कि उनका प्रत्याशी अब लोस चुनाव बाद ही घोषित होगा। इससे बसपा संगठन की मजबूती का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है।

# सौ से अधिक होंगे रामोत्सव, विहिप ने तय की रूपरेखा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व हिन्दू परिषद की जिला स्तरीय बैठक में निर्णय हुआ कि नौ से 25 अप्रैल के बीच रामनवमी चैत्र प्रतिपदा पर जिले में सवा सौ रामोत्सव कार्यक्रम होंगे।

सोमवार को हुई बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक प्रखंड कर्वी, मानिकपुर, भरतकूप, राजापुर, पहाड़ी, मऊ, रामनगर, शिवरामपुर में गांव स्तर पर 25-25 की तादाद में रामोत्सव होंगे। विहिप सहमंत्री अर्चन ने बताया कि रामोत्सव लोकसभा चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए किये जायेंगे। जिला बैठक की अगुवाई विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांतीय मंत्री डीके शुक्ला ने कहा कि लोकसभा चुनाव आचार संहिता के चलते इस वर्ष रामोत्सव में भारी भीड़ न जुटाकर न्यूनतम तादाद में विहिप की समितियां कार्यक्रम करेंगी। बैठक में मातृशक्ति सीतानवमी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई।

बैठक में प्रांतीय कार्यालय प्रमुख विनोद, विहिप जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी, संगठन मंत्री ऋषभ शुक्ला, जिला मंत्री नीरज केसरवानी, जिला सहमंत्री अर्चन, सिद्धार्थ, जिला संयोजक बजरंग दल अंकित पटेल, सह संयोजक प्रणव भारद्वाज, जिला मठ मंदिर प्रमुख अजय मिश्रा, धर्माचार्य प्रमुख मृदुल, सत्संग प्रमुख गणेश, मातृशक्ति संयोजिका संजुला पाण्डेय, कोषाध्यक्ष जमुना प्रसाद, गौरक्षा प्रमुख विमल त्रिपाठी, भरतकूप प्रखंड अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पहाड़ी प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण सोनी, कर्वी नगर उपाध्यक्ष जितेन्द्र, नगर मंत्री विनीत कुमार, राजापुर प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण सोनी समेत मनीष, शानू, शशांक, सौरभ साहू, एमडी कुशवाहा, सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे।



रामोत्सव की रूपरेखा बनाते विहिप।

# एलएनटी ठेकेदार किसान की फसल कर रहा बर्बाद



बर्बाद फसल।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के अरछा बरेठी गांव में किसानों की गेहूं की खड़ी फसल को एलएनटी कंपनी के ठेकेदार तबाह कर रहे हैं। सोमवार को अरछा बरेठी के किसान विजय गुरौलिहा ने कहा कि उसके खेत में गेहूं की फसल खडी है। 80 फीसदी फसल तैयार है। एलएनटी कंपनी के ठेकेदार दबंगई से खेत पर जेसीबी मशील चलाई है। पानी की धार छोड़ी है। खेत में गेहूं की फसल खराब हो गई है। चार दिन पहले पीड़ित के पिता का देहांत हुआ है। वह क्रिया कर्म में व्यस्त है। किसान ने कहा कि वह छोटा किसान है। ठेकेदार लगातार फसलों को बर्बाद कर रहा है। यही दशा रही तो और किसी के न सुनने पर वह आत्महत्या को मजबूर होगा।

## खडी फसल में आग से फसल स्वाहा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के बसिंघा गांव में अज्ञात कारणों से किसान के खेत में आग लगने से फसल जलकर राख हो गई।

फसल में आग लगने की ये घटना रैपुरा थाना क्षेत्र के बसिंघा गांव में वीरेंद्र श्रीवास्तव के खेत में लगी है। बताया गया कि किसान की खेत में खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से पूरी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। सूचना पर मऊ तहसीलदार विजय यादव व लेखपाल अरबाज सिद्दीकी ने मौके का मुआयना किया। पीड़ित किसान को हर संभव मदद देने की बात कही।

# तमंचा-कारतूस समेत दो दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी की टीम ने विनोद यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी पथरा थाना नयागांव मप्र के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी, सिपाही अभिषेक प्रताप, रविशंकर, महिला सिपाही राखी शामिल रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने सोनू केवट पुत्र भोला सब्जी मंडी मऊ के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व दो कारतूस समेत दबोचा है। उसके खिलाफ मऊ थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम व सिपाही सोनपाल शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में तमंचाधारी।

## शराब आरोपी को 15 सौ का जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार यादव ने पैरवी कर न्यायालय से आबकारी अधिनियम आरोपी को 15 सौ रुपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित कराया। सोमवार को अभियोजन अधिकारी बृजमोहन की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे ने राजापुर थाने में दर्ज आबकारी अधिनियम आरोपी उदय सोनकर पुत्र स्व सुखदेव कुसेली को 15 सौ रूपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।



पुलिस गिरफ्त में शराब कारोबारी।

## दुष्कर्म आरोपी को हुई पांच वर्ष सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार अशोक कुमार यादव ने न्यायालय से दुष्कर्म आरोपी को पांच वर्ष की सजा व दो हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया। सोमवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की टीम ने सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायधीश पॉक्सो/अपर सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने बरगढ़ थाने में दर्ज दुष्कर्म, गाली-गलौज आरोपी पुग्गी उर्फ श्याम मूरत पुत्र घुरुवा निवासी औदहा थाना पहाड़ी को पांच वर्ष की सजा व दो हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 14 अक्टूबर 2018 को वादी ने थाना पहाड़ी में सूचना दी कि पुग्गी उर्फ श्याममूरत ने पुत्री के साथ दुष्कर्म व गाली-गलौज किया है। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना पूर्व दरोगा बृजेश पाण्डेय ने कर सात जनवरी 2019 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# विहिप मातृशक्ति ने किया होली मिलन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विहिप मातृशक्ति ने जिला मुख्यालय के टाउन हॉल में होली उत्सव पर होली मिलन समारोह में प्रमुख मातृशक्तियों ने हिस्सा लिया।

सोमवार को होली मिलन समारोह का शुभारम्भ विहिप जिलाध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी व जयश्री जोग ने किया। समारोह में आचार्य गणेश मिश्रा, अजय मिश्रा, सहयोगियों ने भजन वाद्य यंत्रों से गाये। प्रभु श्रीराम के गीतों की ऐसी बयार बहायी कि सभी लोगों का मन प्रफुल्लित हो गया। समारोह में जिला मंत्री नीरज केसरवानी, मातृशक्ति संयोजिका संजुला पांडे, संयोजक अंकित पटेल, गौरक्षा प्रमुख विमल त्रिपाठी, नगर कार्यवाह विजय किशोर, शालू केसरवानी, मीरा शुक्ला, मनीष जायसवाल, मानसी जायसवाल, श्रुति केसरवानी, निहारिका, बेनु, संगीता करवरिया, प्रमिला मिश्रा, वैष्णवी केसरवानी, अंजू केसरवानी, रामनारायण पांडे, छोटेलाल गुप्ता, प्रकाश चंद आदि शामिल रहे।



होली मिलन में मौजूद विहिप।

# एसपी के निर्देश पर छह गुण्डा-नौ पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले छह लोगों के खिलाफ गुण्डा तथा नौ के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने मोंटू उर्फ धीरू पुत्र पंचा राजापुर, शिवबाबू उर्फ रामबालक पुत्र अशोक कनकोटा पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने रंजीत यादव पुत्र लवलेश मवई कला, रामू उर्फ शशि कुमार पुत्र राजकुमार खप्टिहा पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने दीपक तिवारी उर्फ दीपू पुत्र राजकुमार कस्बा पहाड़ी पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने अवनीश पटेल उर्फ शंकर दादा पुत्र केशव प्रसाद पटेल गहोरा खास पर गुण्डा एक्ट व चुन्नू उर्फ योगेन्द्र पुत्र विजय शंकर, नरेन्द्र पुत्र मनकेश्वर, विद्यासागर पुत्र मनकेश्वर, वीरेन्द्र पुत्र मनकेश्वर, रामसम्पत पुत्र शिवप्रसाद, बिहारीलाल पुत्र लक्ष्मी प्रसाद, दयाशंकर पुत्र छितानी, मनिशंकर पुत्र छितानी, सत्येन्द्र पुत्र बिहारीलाल निवासी रामपुर के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## एसपी के निर्देश पर सात से ४१ लीटर महुआ-६६ क्वार्टर देशी शराब बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने सात लोगों के कब्जे से 41 लीटर महुआ व 66 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। टीम ने कलावती पत्नी व्यापारी निषाद कपसेठी के कब्जे से 18 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

# तुर्किये में एर्दोगन की सत्ता को करारा झटका, मेयर चुनाव में इस्तांबुल, अंकारा सहित पांच बड़े शहरों में विपक्षियों की जीत

**अंकारा।** दो दशक से ज्यादा समय से तुर्किये की सत्ता पर काबिज रेचेप तैयप एर्दोगन को करारा झटका लगा है। रविवार को देशभर में हुए मेयर चुनाव में उनकी पार्टी एकेपी को भारी हार का सामना करना पड़ा है। तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी ने राजधानी अंकारा, इस्तांबुल और इजमिर समेत पांच बड़े शहरों में जीत हासिल की है।

तुर्किये के राष्ट्रपति के रूप में तीसरा कार्यकाल हासिल करने के एक साल के भीतर ही बड़े शहरों में मेयर चुनाव में हुई इस हार ने 70 वर्षीय एर्दोगन की हुकूमत को हिलाकर रख दिया है। उनकी पार्टी की इस हार से राजनीतिक विश्लेषक भी हैरान हैं।

राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद एर्दोगन शहरों के राजनीतिक नेतृत्व पर अपने वर्चस्व को लेकर निश्चिंत थे लेकिन स्थानीय निकाय चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवारों की हार ने उन्हें आईना दिखा दिया है।

खास बात यह है कि इंस्ताबुल में एर्दोगन ने खुद प्रचार किया था लेकिन यहां सेक्युलर विपक्षी दल सीएचपी के एकरम इमामोगोलु चुनाव जीत गए। चुनाव प्रचार के दौरान एर्दोगन ने इंस्ताबुल में नए युग की शुरूआत का वादा किया था लेकिन एक करोड़ साठ लाख आबादी वाले इस शहर ने विरोधी दल



में विश्वास जताया। इसी तरह राजधानी अंकारा में एर्दोगन की पार्टी को शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ा है। विपक्षी मेयर मंसूर यावस अपने प्रतिद्वंद्वी से इतने आगे निकल गए कि उन्होंने आधे से अधिक वोटों की गिनती से पहले ही अपनी जीत की घोषणा कर दी।

स्थानीय चुनावों में खराब प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए एर्दोगन ने कहा कि वैसा नहीं हुआ जैसा उन्हें उम्मीद थी। तुर्किये टेलीविजन पर आधी रात में दिए अपने संबोधन में एर्दोगन ने हार स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी सरकार लोगों की इच्छा का सम्मान करेगी। हम लोगों की इच्छा का सम्मान करेंगे और अपनी गलतियों का आकलन करेंगे।

एर्दोगन ने राजनीतिक करियर की शुरूआत इस्तांबुल से ही की थी। साल 1994 में तुर्की के पूर्व प्रधानमंत्री नेजमेट्टिन एरबाकां की वेलफेयर पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर एर्दोगन इस्तांबुल के मेयर चुने गए और 1998 तक इस पद पर रहे। इसके बाद 2003 में प्रधानमंत्री बनकर इस पद पर तीन कार्यकाल बिताने के बाद 2014 में देश के राष्ट्रपति बने।

ताजा हार इसका संकेत है कि एर्दोगन की राजनीतिक पकड़ कमजोर होने लगी है। वह कई मौकों पर कह चुके हैं कि जो भी इस्तांबुल जीतता है, वही तुर्किये जीतता है।

## अल-कायदा हमले में सरकार समर्थक चार यमनी सैनिकों की मौत



**अदन (यमन)।** यमन के दक्षिणी प्रांत अबयान में अल-कायदा आतंकवादियों के हमले में सरकार समर्थक सेना के चार सैनिक मारे गए और तीन घायल हो गए। एक सैन्य अधिकारी ने मीडिया को यह जानकारी दी। स्थानीय सैन्य सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर रविवार को बताया कि अल-कायदा के आतंकवादियों ने अबियान के उत्तर-पूर्व में मुदियाह जिले में ओमरान घाटी से गुजर रहे सरकार समर्थक सेना के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया।समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र ने कहा, हमले में चार सैनिक मारे गए, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है।

गौरतलब है कि यमनी सरकार समर्थक सेना ने हाल के हफ्तों में "एरो ऑफ द ईस्ट" नाम से अभियान तेज कर दिया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार इसका लक्ष्य यमन स्थित अल-कायदा के अवशेषों को समूल खत्म करना है। .

## आयकर व्यवस्था में एक अप्रैल से कोई नया बदलाव नहीं: वित्त मंत्रालय




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, व्यक्तिगत करदाता अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं।

वित्त मंत्रालय की ओर से ह्यएक्सह्ल पोस्ट पर जारी बयान में यह स्पष्टीकरण सोशल मीडिया मंच पर जारी उन सूचनाओं के बाद आया है, जिसमें एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी नई कर व्यवस्था में कुछ बदलावों का दावा किया गया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि एक अप्रैल, 2024 से कोई नया बदलाव नहीं किया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि नई आयकर व्यवस्था ह्यडिफॉल्टह्ल कर व्यवस्था है। हालांकि, करदाता उस आयकर व्यवस्था (पुरानी या नई) को चुन सकते हैं, जो उन्हें लगता है कि उनके लिए फायदेमंद है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक नई कर व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर दाखिल करने तक उपलब्ध है।

उल्लेखनीय है कि एक अप्रैल, 2023 से शुरू हुए वित्त वर्ष 2023-24 में लोगों के लिए एक संशोधित नई कर व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत कर दरें ह्यह्यबहुत कमह्लह्ल हैं। नई कर व्यवस्था में पुरानी आयकर व्यवस्था की तरह विभिन्न छूट तथा अन्य कटौती (वेतन से 50 हजार रुपये और पारिवारिक पेंशन से 15 हजार रुपये की मानक कटौती के अलावा) का लाभ मौजूद नहीं है।

# फिलिस्तीन में नई सरकार ने शपथ ली



**रामल्ला।** फिलिस्तीन में प्रधानमंत्री मोहम्मद मुस्तफा के नेतृत्व में की नई सरकार ने रविवार को यहां वेस्ट बैंक में शपथ ली।

नई सरकार में गाजा पट्टी से कम से कम छह मंत्रियों समेत 23 मंत्री पद शामिल हैं। श्री मुस्तफा अनुभवी राजनयिक रियाद अल-मलिकी से विदेश मंत्री का पद भी संभालेंगे।

फि लिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के सामने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान श्री मुस्तफा ने प्रतिज्ञा की कि उनकी नई सरकार सभी फि लिस्तीनियों की सेवा करेगी।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार के राजनीतिक संदर्भ फि लिस्तीन मुक्ति संगठन और उसके राजनीतिक कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताएँ हैं, जैसा कि कार्यभार पत्र में अब्बास द्वारा रेखांकित किया गया है।

समारोह के बाद नई सरकार के साथ बैठक में श्री अब्बास ने दोहराया कि गाजा में संघर्ष को रोकने के लिए अरब और अंतरराष्ट्रीय दलों के साथ समन्वय में काम चल रहा है।

## अपशिष्ट संकट को संयुक्त रूप से संबोधित करने का संयुक्त राष्ट्र का आह्वान



**बीजिंग।** "अंतर्राष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस" के अवसर पर 30 मार्च को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने एक वीडियो संदेश देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपशिष्ट संकट को संयुक्त रूप से संबोधित करने के लिए कार्रवाई करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हमारा ग्रह कचरे से भरता जा रहा है। हर साल 2 अरब टन से अधिक नगरपालिका ठोस कचरा उत्पन्न होता है, जिसके पृथ्वी की जलवायु, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य के लिए विनाशकारी परिणाम होते हैं। कचरे के अपघटन से न केवल वातावरण में ग्रह को गर्म करने वाली ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं, बल्कि पानी और मिट्टी भी प्रदूषित होती है, जिससे बीमारी और यहां तक कि मृत्यु भी होती है।

गुटेरेस ने कहा कि अत्यधिक उपभोग मानवता को मार रहा है, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस समस्या से निपटने के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने उद्यमों और कंपनियों से टिकाऊ उत्पादन की ओर बढ़ने, उत्पादों का उत्पादन करते समय पैकेजिंग अपशिष्ट को कम करने और उत्पादों की सेवा जीवन को बढ़ाने का प्रयास करने का आग्रह किया।

उन्होंने उपभोक्ताओं से "खरीदने से पहले दो बार सोचने" और यथासंभव पुनर्चक्रण योग्य वस्तुओं का पुनः उपयोग करने का भी आह्वान किया। गुटेरेस ने चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सरकारी कार्रवाई के महत्व पर भी जोर दिया।

# नेपाल : पार्टी पर वर्चस्व को लेकर पति पत्नी के समर्थक आपस में भिड़े

**काठमांडू।** एक राजनीतिक दल, पति संस्थापक, पत्नी अध्यक्ष तथा संसदीय दल की नेता। पति सत्ता गठबन्धन के खिलाफ, पत्नी समर्थन में। पति कुछ और आदेश जारी करते हैं और पत्नी कुछ और निर्देश देती हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि दोनों के समर्थक आपस में मारपीट कर बैठे।

यह घटना आज काठमांडू में हुई, जब नागरिक उन्मुक्ति पार्टी की केन्द्रीय समिति की बैठक में नेता आपस में ही मारपीट करने लगे। पार्टी के संस्थापक रेशम चौधरी और उनकी पत्नी रंजीता श्रेष्ठ के बीच प्रचण्ड सरकार के समर्थन और विरोध को लेकर पिछले एक महीने से अनबन चल रही है। कुछ दिन पहले तक पार्टी के अध्यक्ष रहे रेशम चौधरी को चुनाव आयोग ने अध्यक्ष पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था, जिसके बाद पत्नी रंजीता को अध्यक्ष का पद सौंप दिया गया। अब रंजीता सांसद भी हैं और पार्टी के चार सांसदों की संसदीय दल की नेता भी है। प्रचण्ड सरकार को विश्वास मत देने के समय से ही दोनों पति पत्नी के बीच पार्टी के फैसले को लेकर मतभेद सार्वजनिक हो गया था।


पार्टी के संस्थापक रेशम चौधरी ने प्रचण्ड सरकार द्वारा बनाए गए वाम गठबन्धन में नहीं जाने की बात कही लेकिन इसके ठीक विपरीत रंजीता ने अपना अधिकार प्रयोग करते हुए प्रचण्ड सरकार के पक्ष में रहने का फैसला किया और विश्वास मत के दौरान प्रचण्ड के पक्ष में वोट भी दिया। इसके विरोध में रेशम ने रंजीता के नाम एक खुला पत्र लिखते हुए इस फैसले को वापस लेने को कहा था। हालांकि यह मामला नहीं सुलझा। पुराने गठबन्धन के टूटने के बाद उसका असर प्रांतीय सरकारों पर भी पड़ना स्वाभाविक था। नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के विधायक दो प्रांतीय सरकारों में जिस पक्ष में रहेंगे, उनकी ही सरकार बनने की स्थिति है।

प्रांतीय सरकार के समर्थन के मुद्दे पर रेशम चौधरी ने कांग्रेस गठबन्धन की सरकार के पक्ष में रहने का फैसला किया लेकिन पत्नी रंजीता चौधरी ने यहां भी कांग्रेस गठबन्धन से अलग होकर वामपंथी गठबन्धन को समर्थन करने का निर्देश दिया था।

पत्नी पत्नी के बीच की राजनीतिक अनबन इतनी अधिक बढ़ गई है कि दोनों ने सार्वजनिक रूप से एक दूसरे से तलाक तक लेने की बात कह दी थी। बीच में कुछ दिनों तक स्थिति सामान्य होने के बाद एक बार फिर यह पारिवारिक तनाव अब उनके समर्थकों के बीच देखने को मिल रहा है।

सोमवार को नागरिक उन्मुक्ति पार्टी की केन्द्रीय समिति की बैठक में इसी बात को लेकर रेशम और रंजीता के समर्थकों में मारपीट होने की सूचना है। इस विषय में रेशम चौधरी का कहना है कि रंजीता सत्ता के नशे में इतनी अंधी हो गई है कि उसे सही गलत का कोई फर्क नजर नहीं आ रहा है। रेशम का कहना था कि हमारी पार्टी थारूओं के बीच संघर्ष करके बनी है लेकिन अब सत्ता के लिए समझौता कर रही है। इसके ठीक विपरीत रंजीता का कहना है कि पहले भी हम सत्ता में थे। हम कम सांसदों वाली पार्टी हैं, इसलिए एक गठबन्धन के विरोध में रहने का क्या मतलब हो सकता है। रंजीता का कहना है कि वो पार्टी की अध्यक्ष हैं और संसदीय दल की नेता भी हैं, इसलिए अपने अधिकार का प्रयोग कर वो फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है।

## रिजर्व बैंक के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी अनिश्चितताओं से निपटने में मदद की: सीतारमण



**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी असंतुलन और अनिश्चितताओं से निपटने संबंधी भारत की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है।

केन्द्रीय मंत्री सीतारमण ने आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में बैंकों की बैलेंस शीट की समस्याओं को सुधारने में केंद्रीय बैंक की भूमिका की सराहना की। सीतारमण ने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता प्रबंधन और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई ढांचा सभी बड़े कदम हैं, जिसे रिजर्व बैंक ने अच्छी तरह से क्रियान्वित किया है।

आरबीआई के 1 अप्रैल को 90वें स्थापना दिवस पर मुंबई में आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि भारत के केंद्रीय बैंक के तौर पर आरबीआई की स्थापना वर्ष 1935 में हुई थी। इसका एक जनवरी 1949 को राष्ट्रीयकरण किया गया था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल में पर्यटकों की संख्या बढ़ी, मार्च में 50 प्रतिशत से अधिक भारतीय सैलानी पहुंचे

**काठमांडू।** नेपाल पर्यटन बोर्ड ने मार्च महीने में नेपाल घूमने आए पर्यटकों के आंकड़े सार्वजनिक किये हैं। मार्च माह में नेपाल घूमने आने वाले पर्यटकों में 50 प्रतिशत से अधिक भारतीय सैलानी हैं। नेपाल आने वाले पर्यटकों की संख्या हर महीने लगातार बढ़ने से पर्यटन बोर्ड काफी उत्साहित है।

नेपाल पर्यटन बोर्ड की सदस्य सचिव मिस्टिका देवकोटा ने बताया कि मार्च के महीने में नेपाल आने वाले पर्यटकों की कुल संख्या 1 लाख 28 हजार 167 रही। इनमें सर्वाधिक भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या 50 फीसदी रही।

भारत से 65 हजार से अधिक पर्यटक विमानों के जरिए मार्च महीने में नेपाल घूमने आए। पर्यटन बोर्ड ने बताया कि खुली सीमा होने के कारण सड़क मार्ग से भारतीय नेपाल में घूमने आते हैं, जिसका कई बार रिकार्ड रख पाना मुश्किल होता है। देवकोटा ने बताया कि दूसरे नंबर पर चीन है, जहां से 12 प्रतिशत पर्यटक आए थे। आंकड़ों के मुताबिक चीन से 12093, अमेरिका से 10773, यूके से 7241, श्रीलंका से 5741, जर्मनी से 5255, थाइलैंड से 4345, फ्रांस से 3240, म्यानमार से 3131 पर्यटक नेपाल घूमने आए हैं। जनवरी में करीब 80 हजार, फरवरी में 97 हजार पर्यटक नेपाल आए थे। नेपाल आने वाले पर्यटकों की संख्या हर महीने लगातार बढ़ने से पर्यटन बोर्ड काफी उत्साहित है। बोर्ड का कहना है कि पोखरा अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल और भैरहवा अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल के नियमित होने के बाद पर्यटकों के आगमन में भारी वृद्धि हो सकती है।

## इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में की फिलिस्तीनी किशोर की हत्या



**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में एक फिलिस्तीनी किशोर की हत्या कर दी और दो अन्य को घायल कर दिया।

सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि 13 वर्षीय मुतासिम अबू अबेद को जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में गोलियों से भून दिया गया।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि हमले में घायल दो लोगों में से एक की हालत गंभीर है। उसे जेनिन के अल-रजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सेना ने कबातिया पर हमला किया और गोलीबारी की।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में इजराइल द्वारा 450 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार दिया गया है।

# जीडीपी ग्रोथ में तेजी, महंगाई दर में कमी आई, विदेशी मुद्रा भंडार अबतक के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि आरबीआई दुर्लभ संसाधनों के आवंटनकर्ता से बाजार अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाने वाला बन गया है। देश में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ में तेजी देखने को मिल रही है, जबकि महंगाई दर में कमी आई है। विदेशी मुद्रा भंडार अबतक के उच्चतम स्तर पर है।

शक्तिकांत दास ने आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर यहां अयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक का प्रयास अगले दशक में एक स्थिर और मजबूत वित्तीय प्रणाली प्रदान करना होगा, जो देश की आर्थिक प्रगति के लिए आधार के तौर पर काम करेगी।

आरबीआई गवर्नर ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के मुकाबले भारती अर्थव्यवस्था में तेजी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी और भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद सुव्यवस्थित और समन्वित मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक चुनौतियों से बचाने में मदद की है। दास ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर पर है।

आरबीआई के 01 अप्रैल को 90वें स्थापना दिवस पर मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने संबोधित किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भारत के केंद्रीय बैंक के तौर पर आरबीआई की स्थापना 1935 में हुई थी। इसका एक जनवरी 1949 को राष्ट्रीयकरण किया गया था।